श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 175, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित


नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 24 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मणिपुर वायरल वीडियो के बाद मिजोरम में दहशत

## मिजो नेशनल फ्रंट ने कहा- छोड़ दो राज्य; मैतेई समुदाय के 40 लोग वापस लौटे, हजारों फंसे

**इंफालः मणिपुर** में 4 मई को भीड़ ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाया था। 19 जुलाई को इसका वीडियो सामने आने के बाद राज्य में हिंसा बढ़ गई है। अब पड़ोसी राज्य मिजोरम में भी खतरा मंडरा रहा है। अंडरग्राउंड मिजो नेशनल फ्रंट के मिलिटेंट्स के संगठन पीस अकॉर्ड एमएनएफ रिटर्नीज एसोसिएशन ने एक बयान जारी करके कहा कि मिजोरम में रहने वाले मैतेई लोगों को उनकी सुरक्षा के मद्देनजर राज्य छोड़ देना चाहिए। इस वक्त मीजो समुदाय की भावनाएं आहत हैं। डर के कारण मैतेई समुदाय के 40 लोग शनिवार को मिजोरम राज्य छोड़कर मणिपुर की राजधानी इंफाल आ गए हैं। हजारों लोग पलायन को मजबूर हैं। मणिपुर सरकार ने भी कह दिया है कि वो अपने मैतेई लोगों को चार्टर्ड फ्लाइट से इवेक्युएट कराएगी। शनिवार को दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल मणिपुर पहुंचीं। एयरपोर्ट पहुंचते ही उन्होंने कहा- वह सीएम बीरेन सिंह से मिलने आई हैं।

मिजो जनजाति कुकी के काफी करीबः मिजोरम राज्य में रहने वाली मिजो जनजाति का कुकी-जोमी समुदाय से ऐतिहासिक तौर पर एक भावनात्मक लगाव रहा है। मणिपुर में जिस तरह से



हालात बदल रहे हैं उसकी वजह से दूसरे राज्यों में रहने वाले मैतेई समुदाय की मुश्किलें बढ़ रही हैं। मणिपुर में रहने वाले अब तक 12 हजार से ज्यादा कुकी समुदाय के लोगों को मिजोरम राज्य में शरण मिली है।

मिजोरम में मैतेई समुदाय के कितने लोग रहते हैं: मणिपुर मूल के मैतेई समुदाय के कई सारे लोग नॉर्थ ईस्ट के अलग-अलग राज्यों में नौकरी और बिजनेस के चलते वहां रहते हैं। मिजोरम की राजधानी एजवाल में ही करीब 2000-2100 मैतेई लोग रहते हैं।

बॉक्स

### 22 जुलाई को मणिपुर में फिर हुई हिंसा, स्कूल-घर जलाया



शनिवार (22 जुलाई) को चुराचांदपुर और इंफाल के पास मैतेई और कुकी समुदाय के बीच रात भर फायरिंग हुई। बिष्णुपुर के थोरबुंग में भीड़ ने एक स्कूल और कई घरों में आग लगा दी।

इस दौरान ऑटोमैटिक राइफल्स, पॉम्पी गन्स, विस्फोटकों से हमला किया गया। मौके पर सीआरपीएफ, बीएसएफ और असम रायफल के जवान तैनात हैं। रविवार को भी थोरबुंग, कांगवाय के अंदरूनी इलाकों में फायरिंग हुई थी। मणिपुर में 4 मई को दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के साथ एक और घटना हुई थी। उसी दिन दो अन्य लड़कियों का रेप कर हत्या कर दी गई थी। ये घटना कांगपोकपी जिले के कोनुंग ममांग इलाके में हुई थी, यह जगह दूसरे घटनास्थल से 40 किलोमीटर दूर है। पीड़ितों के साथ काम करने वाले एक शख्स ने बताया कि एक लड़की की उम्र 21 और दूसरी की 24 साल थी। दोनों गैराज में काम करती थीं।

# दिल्ली में यमुना नदी फिर रौद्र रूप में



**यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार किया, निचले क्षेत्र को खाली करने की मुनादी**

**नई दिल्लीः राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में शाम 04 बजे यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। इस वक्त यमुना 206.31 मीटर पर बह रही है। इसमें रात तक और वृद्धि हो सकती है। दिल्ली प्रशासन यमुना खादर और निचले इलाकों को फौरन खाली करने की मुनादी करवा रहा है। तेजी से जलस्तर बढ़ने से बाढ़ प्रभावित निचले इलाकों में राहत-बचाव एवं पुनर्वास अभियान पर असर पड़ सकता है। दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी का कहना है कि हरियाणा के यमुनानगर के हथिनीकुंड बैराज से शनिवार को यमुना नदी में दो लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया। संभावित खतरे के मद्देनजर दिल्ली सरकार हाई अलर्ट पर है। उन्होंने आशंका जताई थी कि अगर जलस्तर 206.7 मीटर तक पहुंचता है, तो यमुना खादर के कुछ हिस्से जलमग्न हो सकते हैं। यमुना का जलस्तर पिछले कुछ दिनों से 205.33 मीटर के खतरे के निशान के आसपास रहा। 13 जुलाई को यह रिकॉर्ड 208.66 मीटर पर पहुंच गया था। केंद्रीय जल आयोग के बाढ़ निगरानी पोर्टल के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 11 जुलाई की रात यमुना के जलस्तर में इजाफा शुरू हुआ। रात 12:01 बजे पुराना लोहा पुल (ओल्ड ब्रिज) पर जलस्तर 206.05 मीटर पर पहुंच गया। 12 जुलाई की रात 11:00 बजे यह 206.83 मीटर दर्ज किया गया। 13 जुलाई की रात ठीक 12 बजे इसमें तेजी के साथ वृद्धि हुई और यह 208.13 मीटर पर पहुंच गया और सुबह 8 बजते-बजते यह 208.48 मीटर पर पहुंच गया। रात 08 बजे के बाद 208.66 मीटर पार कर गया। इससे पहले दिल्ली में 1924, 1977, 1978, 1995, 2010 और 2013 में बाढ़ आ चुकी है। इनमें से सितंबर 1978 की बाढ़ ने दिल्ली वालों को रुला दिया था। चार सितंबर को यमुना के चार पुलों (पुराना रेलवे पुल, वजीराबाद पुल, आयकर ऑफिस के पास का पुल और ओखला पुल को 48 घंटों तक यातायात के लिए बंद कर दिया गया था। उत्तरी दिल्ली के 30 गांवों में बाढ़ आ गई थी। जीटी रोड से करनाल जाने वाली सड़क का बड़ा हिस्सा यमुना के पानी में जलमग्न हो गया था।

## '31 जुलाई तक दाखिल करें रिटर्न और चिंता मुक्त रहें'

**नई दिल्लीः वित्त** वर्ष 2022-23 और आकलन वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। अगर आपने अब तक अपना आईटीआर फाइल नहीं किया है, तो जल्द कर दें। इस बार आईटीआर दाखिल करने की तय तिथि में कोई बदलाव नहीं होगा। आयकर विभाग ने रविवार को एक ट्विट कर कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए आईटीआर दाखिल करने की नियत तारीख 31 जुलाई, 2023 है।

# राफेल में स्वदेशी हथियार चाहती है एयरफोर्स

## फाइटर जेट बनाने वाली कंपनी से कहा- स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन फिट करें; अस्त्र मिसाइल भी लगाएं

**नई दिल्लीः भारतीय** वायुसेना ने फ्रांस की एविएशन कंपनी दसॉ से राफेल लड़ाकू विमान में 'अस्त्र' एयर-टू-एयर मिसाइल जैसे स्वदेशी हथियारों को लगाने को कहा है। इस कदम को डिफेंस एरिया में 'मेक इन इंडिया' के लिए बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि इसके बाद भारत में बने हथियारों के लिए ग्लोबल मार्केट खुल जाएगा। राफेल फाइटर प्लेन को 2020 में एयरफोर्स में शामिल किया गया था। भारत के पास फिलहाल 36 राफेल हैं। दसॉ 90 देशों में 10 हजार से ज्यादा फाइटर प्लेन सप्लाई करती है। भारत के



अलावा फ्रांस, मिस्र, कतर के पास भी राफेल हैं। वहीं, ग्रीस, क्रोएशिया, वअए और इंडोनेशिया ने राफेल के लिए ऑर्डर दिए हैं।

स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन लगाने की मांगः भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने दसॉ एविएशन से स्मार्ट एंटी एयरफील्ड वेपन (रअअह) और अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल जैसे भारत में बने हथियारों को राफेल के साथ असेंबल करने के लिए कहा है। इन हथियारों को डीआरडीओ ने बनाया है।

इन मिसाइलों और बमों के अलावा आने वाले समय में प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों के लंबी दूरी के ग्लाइड बमों और कई स्वदेशी हथियारों को राफेल में फिट करने की प्लानिंग है। अस्त्र हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी रेंज 100 किमी है। अस्त्र मार्क-2 में इस रेंज को 160 किमी तक बढ़ाया जाएगा। इसका एडवांस्ड वर्जन 300 किमी की मारक क्षमता वाला होगा।

# भाजपा में शामिल होंगे सपा व रालोद के कई नेता

**लखनऊ। भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें जीतने की केवल बात ही नहीं कर रही है बल्कि उस पर काम भी कर रही है। पूर्वांचल में सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और सपा नेता दारा सिंह चौहान को साथ लाने के बाद भाजपा की नजर पश्चिम पर है। भाजपा पश्चिम में समाजवादी पार्टी और रालोद के कुछ नेताओं को तोड़कर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। भाजपा यह रणनीति बना रही है कि अगर जयंत चौधरी न भी भाजपा में आये तो उनके नेताओं को तोड़कर उन्हें कमजोर किया जा सके ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में उसका फायदा मिल सके।

हर 15 दिनों पर दूसरे दलों के बड़े नेताओं को पार्टी में शामिल कराने की रणनीति भाजपा बना रही है। सोमवार को प्रदेश कार्यालय पर भाजपा और रालोद के कई नेता भाजपा में शामिल होंगे। पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं की सूची फाइनल हो गयी है लेकिन पार्टी के तरफ से अभी नामों को उजागर नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार पूर्व सांसद राजपाल सैनी, पूर्व मंत्री साहब सिंह सैनी,पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर,पूर्व विधायक सुषमा पटेल,पूर्व विधायक अंशुल वर्मा और पूर्व विधायक गुलाब सरोज समेत कई नेता भाजपा में शामिल होंगे।

बिना शर्त नेताओं को पार्टी में शामिल करायेगी भाजपाः

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भाजपा की ज्वाइनिंग कमेटी को स्पष्ट निर्देश दिया है कि पार्टी में शामिल होने वाले किसी भी नेता से अभी कोई करार न किया जाय। बिना शर्त उन्हें भाजपा में शामिल कराया जाये। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ-साथ नेता भी मोदी सरकार के कार्यों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आयेगा, विपक्षी पार्टियों के नेता बड़ी संख्या में भाजपा में आयेंगे।

# हिंडन नदी का 45 सालों बाद दिखा रौद्ररूप



**सैकड़ों परिवार प्रभावित, किसानों की सब्जी की फसल बर्बाद, सड़क पर झुग्गी डालकर रह रहे किसान**

**गाजियाबादः दिल्ली** से सटे जनपद गाजियाबाद की हिंडन नदी ने करीब 45 वर्ष बाद अपना रौद्र रूप दिखाया है। नदी के बढ़े जलस्तर से आसपास के गांवों में बाढ़ आ गई है। जिला प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान या फिर राहत शिविर में पहुंचा रही हैं। राजनगर एक्सटेंशन में जंगल के पास नदी का पानी भरने से सब्जी की फसल नष्ट हो गई है। किसानों को अब उनके परिवार का जीवन यापन करने की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिस जगह रहते थे, वहां पर भी पानी भर गया। किसान परिवार को लेकर सड़क पर झुग्गी बनाकर रहने को मजबूर हैं। अपने मवेशियों को भी उन्होंने अपने साथ रखा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 45 साल पहले 1978 में भी ऐसे ही बाढ़ आई थी। जनजीवन प्रभावित हुआ था। उसके बाद बाढ़ छह बार आ चुकी है, लेकिन इस वर्ष की बाढ़ ने सभी को परेशानी में डाल दिया है। जिला प्रशासन ने नगर निगम करहेड़ा स्थित अम्पोजिट विद्यालय में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत शिविर लगाया हुआ है। जहां पर खाने-पीने की वस्तुएं, नहाने आदि की व्यवस्था नगर निगम की ओर से की गई है।

नगर निगम प्रशासन का दावा है कि करीब 700 लोगों की व्यवस्था देखी जा रही है। एनडीआरएफ की टीम बाढ़ में फंसे लोगों को नाव के जरिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रही है। एसडीएम सदर विनय कुमार सिंह प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पूरी मुस्तैदी से जुटे हुए हैं।

# भारत-नेपाल बॉर्डर पर 2 चीनी नागरिक गिरफ्तार

**मोतिहारीः भारत**-नेपाल बॉर्डर से शनिवार की रात दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों नेपाल के रास्ते भारत में बिना पासपोर्ट और बिना वीजा के प्रवेश करने के दौरान इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। दोनों चीनी नागरिकों को रात 9 बजकर 30 मिनट में रक्सौल बॉर्डर पार करते हुए पकड़ा गया है। ये कार्रवाई भारत-नेपाल बॉर्डर पर तैनात इमिग्रेशन विभाग ने की है। शनिवार की रात दो चीनी नागरिक नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे थे, तभी भारतीय कस्टम के पास इमिग्रेशन विभाग ने उन्हें पकड़ लिया और जांच करने के लिए कार्यालय लाया गया। उनके पास न तो पासपोर्ट था और न ही वीजा उपलब्ध था। दोनों चीनी नागरिकों की पहचान जियांग्सी, चीन निवासी जाओ शिया पिंग के 39 वर्षीय बेटे जाओ जिंग और पासपोर्ट नंबर ईजे 9445927, फू हॉन्ग गेन के 28 वर्षीय बेटे फू कॉन्ग के रूप में हुई है। फू कॉन्ग का पासपोर्ट नंबर ईके 5643259 है।

दोनों व्यक्ति पहली बार नहीं, बल्कि दूसरी बार अवैध रूप से नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करने की फिराक में थे।

## कई जगह बाढ़ जैसे हालात; प्रशासन ने जारी की चेतावनी

# महाराष्ट्र और गुजरात में भारी बारिश को लेकर अलर्ट

**अहमदाबाद/मुंबईः भारत** मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटों में गुजरात में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। कटऊ के अनुसार, राज्य में 20 सेमी से अधिक बारिश होगी और अलग-अलग स्थानों पर यह जारी रह सकती है। आईएमडी के वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में मानसून सक्रिय चरण में है इसलिए इसके प्रभाव में गुजरात में पहले से ही भारी वर्षा हो रही है जो अगले 24 घंटों तक जारी रहेगी। अत्यधिक भारी वर्षा का मतलब 20 सेमी से अधिक है।




इसके बाद अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा जारी रह सकती है।

सौराष्ट्र और कच्छ में पांच दिनों के लिए बारिश का अलर्टः राज्य मौसम निदेशक जयंत सरकार द्वारा 8 जुलाई को गुजरात के विभिन्न हिस्सों में भारी वर्षा की चेतावनी भी जारी की गई थी। सरकार ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि वलसाड, नवसारी, दमन, दादरा और नगर हवेली के लिए आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा सौराष्ट्र और कच्छ में अगले पांच दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की उम्मीद जताई गई है। जबकि अहमदाबाद में केवल हल्की बारिश की उम्मीद है।

# उप्र को मिलेगी आसमानी आफत से राहत

- **ऊंची इमारतों पर लगेंगे लाइटनिंग अरेस्टर्स, आकाशीय बिजली गिरने से होने वाले जनधन के नुकसान से बचाएगी योगी सरकार, आसमान से गिरने वाली बिजली को आकर्षित कर जमीन के अंदर भेज देगी लाइटनिंग रॉड**



**लखनऊः उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार ने आसमानी बिजली से होने वाले जनधन के नुकसान से लोगों को बचाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। योगी सरकार प्रदेश में ऊंची इमारतों पर लाइटनिंग अरेस्टर्स या लाइटनिंग रॉड लगाने जा रही है। यह खराब मौसम में आसमानी बिजली को आकर्षित कर उसे सीधे जमीन के अंदर पहुंचा देगी। इससे न सिर्फ लोगों की जान बचाई जा सकेगी, बल्कि बिजली गिरने से होने वाले नुकसान को भी रोका जा सकेगा।

ऊंची बिल्डिंगों पर लगाई जाएगी लाइटनिंग रॉडः प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने हाल ही में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष लाइटनिंग अरेस्टर्स को लेकर प्रस्तुतिकरण में इसके लाभ के बारे में बताया था। उन्होंने बताया था कि 2022-23 में उत्तर प्रदेश के 52 जिलों में बिजली गिरने से 301 लोगों की मृत्यु हो गई थी। वहीं 2023-24 में जुलाई तक 36 जिलों में 174 जानें आकाशीय बिजली गिरने की वजह से जा चुकी हैं।

उन्होंने बताया कि पहले सोनभद्र जैसे जिलों में बिजली गिरने से काफी मौतें होती थीं लेकिन अब गाजीपुर जैसे जिले इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

ऐसे में हमने जिलों से रिपोर्ट मांगी है कि उनके यहां कहां पर यह लाइटनिंग रॉड लगाई जा सकती है। प्रस्ताव के अनुसार यह लाइटनिंग अरेस्टर या लाइटनिंग रॉड सबसे ऊंची बिल्डिंगों पर लगाई जा सकती है।

# हैदराबाद में 712 करोड़ के चाइनीज फ्रॉड का भंडाफोड़

## 9 गिरफ्तार, रिव्यू कराने के बहाने ठगते थे; आतंकी संगठन हिजबुल्लाह से भी कनेक्शन

**हैदराबादः हैदराबाद में** पुलिस ने 712 करोड़ रुपए के चाइनीज फ्रॉड का भंडाफोड़ किया है। इसमें लोगों को रिव्यू करने के बहाने कमाई का लालच देकर ठगा जाता था। मामले में देशभर से 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो चाइनीज ऑपरेटर्स के इशारे पर काम करते थे। पुलिस के मुताबिक, फ्रॉड से जुड़े कुछ क्रिप्टो वॉलेट ट्रांजैक्शन्स का आतंकी संगठन हिजबुल्लाह वॉलेट के साथ भी लिंक मिला है। ये वॉलेट टेरर फाइनेंस मॉड्यूल से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों से 17 मोबाइल



फोन, 2 लैपटॉप, 22 सिम कार्ड, 4 डेबिट कार्ड, 3 चेक बुक और 33 कंपनियों से जुड़े डॉक्यूमेंट्स बरामद किए हैं।

28 लाख की ठगी की जांच से खुली पोलः साइबर क्राइम पुलिस ने हैदराबाद के एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। इसकी जांच के दौरान ही पूरा मामला सामने आया।

## खबर संक्षेप

### पुरानी पेंशन बहाली हेतु 10 अगस्त को नई दिल्ली में शिक्षक भरेंगे हुंकार

**सैदाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सैदाबाद की बैठक जिला उपाध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सैदाबाद कस्बे में आहूत की गई। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली हेतु संयुक्त संघर्ष पुरानी पेंशन बहाली मोर्चा के नेतृत्व में 10 अगस्त 2023 को रामलीला मैदान नई दिल्ली में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इंद्रेश कुमार तिवारी ने कहा कि सभी शिक्षक इस आर पार की लड़ाई में अवश्य पहुंचे। इस संयुक्त मोर्चे में रेलवे सहित सभी संगठन एकजुट होकर नई दिल्ली में हुंकार रैली का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष सुशील पाण्डेय के नेतृत्व में प्रदेश के सभी शिक्षक धरने में प्रतिभाग करेगे। उन्होने ब्लॉक के सभी शिक्षकों से आहवान किया कि 10 अगस्त को धरना स्थल पर अवश्य पहुंचे और बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए सरकार को मजबूर कर दें। जिसमें कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सतीश तिवारी ,अरुण त्रिपाठी,लाल जी , राजेश सिंह, बंकिम चंद्र द्विवेदी, आलोक श्रीवास्तव, राम जी संतोषी ,सुरेश कांत पांडे,रंजना सिंह, श्री कृष्ण नारायण, मोहम्मद शोएब, मयंक तिवारी, निशा तिवारी, सोनिका यादव, ?शिव प्रकाश मिश्र सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# गोवंश से लदा डीसीएम पल्टा 11 की मौत, पांच गंभीर, तस्करी के लिए ले जाए जा रहे थे

## ड्राइवर, क्लीनर मौके से हुए फरार, हमीरपुर से पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहे थे

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज थाना अंतर्गत पचदेवरा के सामने मिजार्पुर हाईवे के समीप रविवार को एक बडी डीसीएम अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। जिससे उसमें लगे 11 गोवंश ओं की मौत हो गई। पांच गंभीर रूप से घायल हैं। कुल 16 गोवंश हमीरपुर से अवैध तरीके से पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहे थे। हादसे के बाद डीसीएम ट्रक का ड्राइवर और क्लीनर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने दो जेसीबी बुलाकर डीसीएम को बाहर निकलवाया और उसमें लगे गोवंशो को उतरवाया। घायल गोवंश को इलाज के लिए पशु चिकित्सक बुलाए गए और मृत गोवंश ओं का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया की जा रही हैं। रविवार को यमुनानगर से



करछना थाना अंतर्गत पचदेवरा गांव के सामने प्रयागराज मिजार्पुर हाईवे के समीप एक गोवंश लदा डीसीएम ट्रक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गया। जिससे विद्युत पोल टूटकर गिर गया। हादसे के बाद डीसीएम ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर मौके से भाग निकले। उधर से गुजर रहे लोगों ने देखा तो पुलिस को खबर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दो जेसीबी मशीन बुलाकर खड्डे में गिरी डीसीएम ट्रक को बाहर निकलवाया। उसके बाद उसमें लगे गोवंशो को बाहर निकाला गया। तब पता चला कि 11 गोवंश मर चुके हैं। पांच गंभीर रूप से घायल हैं। करछना इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रसाद ने पशु चिकित्सक बुलाकर घायलों का इलाज कराया और मृत गोवंश का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू कराई। इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रसाद ने बताया कि डीसीएम ट्रक में हमीरपुर का नंबर है। छानबीन में अभी तक यह पता चला है कि डीसीएम हमीरपुर से सभी गोवंश लादकर पश्चिम बंगाल की तरफ जा रहा था। ड्राइवर और क्लीनर तो फरार हो गए हैं। लेकिन गाड़ी के नंबर और कागजात के आधार पर गाड़ी मालिक का पता लगाकर उसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम समेत अन्य धाराओं में एफ आई आर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सपा राष्ट्रीय महासचिव ह्रदय लाल मौर्य का फूलपुर में हुआ जोरदार स्वागत

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** वर्तमान सरकार धर्म सम्प्रदाय की राजनीति कर असल मुद्दे से हमारा ध्यान भटका रही है। गरीब, दलित, पिछड़ों के अधिकारों का हनन करने के उद्देश्य से संविधान को खत्म करने की साज़िश हो रही है। यह बातें रविवार को फूलपुर में आयोजित सपा के नव नियुक्त राष्ट्रीय महासचिव ह्रदय लाल मौर्य के सम्मान समारोह में उपस्थित समूह को सम्बोधित करते हुए अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव व एम एल सी विधायक डा० मानसिंह यादव ने बतौर मुख्य अतिथि कही। सपा कार्यकताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा की प्रदेश की खुशहाली के लिए सपा की सरकार बनाने का काम करें। विशिष्ट अतिथि सपा के राष्ट्रीय महासचिव ह्रदय लाल मौर्य ने हर समाज को लेकर चलने की बात कहते हुए कहा की हम समाजवादी विचारधारा के लोग हैं और हमारा उद्देश्य है की दलित, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों



को साथ लेकर चलें। उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव पद पर मनोनयन होने पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही शीर्ष नेतृत्वकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मान समारोह की शुरूआत भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद हुआ। उपस्थित सपा कार्यकताओं ने राष्ट्रीय महासचिव ह्रदय लाल मौर्य को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को सपा नेता अमृत लाल ओसवाल, राकेश यादव, प्रदीप यादव ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन बृजेश कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम के आयोजक राजेश कुशवाहा ने उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर राम पदारथ पटेल, एडवोकेट कुनाल वर्मा, सचिन यादव,अखिलेश यादव, बसंत लाल मौर्य, राजकुमार मौर्य, इमरान अहमद,अजय वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पं. चन्द्रशेखर आजाद की मनाई गई जयंती

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** क्षेत्र के भरद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर में आजादी के अमर सपूत पंडित चन्द्रशेखर आजाद की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर याद करते हुए मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एवं अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने कहा पंडित चंद्रशेखर आजाद



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सहित वह पंडित राम प्रसाद बिस्मिल एवं शहीद भगत सिंह सरीखे नौजवान क्रांतिकारियों के अनन्यतम सहयोगियों में से थे। इनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भावरा गांव में हुआ था। जिन्होंने भारत देश को आजादी दिलाने के लिए अपनी जान की कुबार्नी देकर देश को आजाद कराने में अपना योगदान दिया। था। स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़कर उन्होंने वंदे मातरम, भारत माता की जय, महात्मा गांधी जिंदाबाद का नारा बुलंद किया। उनका मानना था कि मैं आजाद हूं आजाद रहूंगा और आजाद ही मरूंगा। उन्होंने सुखदेव राजगुरु और भगत सिंह को फांसी ना हो इसके लिए निरंतर प्रयत्नशील रहे किंतु वीरभद्र की मुखबिरी के कारण 27 फरवरी 1931 को अल्फ्रेड पार्क जिसे अब आजाद पार्क के नाम से जाना जाता है लड़ते हुए अंतिम गोली अपने कनपटी पर जाकर अमर शहीद हो गए। ऐसे अमर शहीद को शत शत नमन करते हुए आज पूरा देश उन पर गर्व कर रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अमन मिश्रा भीम, शमशेर बहादुर पटेल, गोविंद सिंह चंदेल, गिरधारी लाल सरोज, दिलीप कुमार दुबे, सुभाष चंद विश्वकर्मा, संजय शर्मा, अखंड प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## उप श्रमायुक्त कार्यलय पर इफको ठेका मजदूरों ने शनिवार को भी ड्यूटी देने की मांग

**प्रयागराज।** आज शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ से जुड़े सैकड़ों मजदूर उपश्रमायुक्त कार्यालय प्रयागराज पहुँचकर शनिवार को भी ड्यूटी दिए जाने की मांग की। विदित हो कि इफको फूलपुर में हजारों की संख्या में ठेका मजदूर काम करते है, जिनमें मजदूरों को राष्ट्रीय व राजकीय अवकाश के साथ ही सरकार द्वारा तय नियमानुसार अवकाश दिया जाना चाहिए। जबकि जानबूझकर इफको में वर्षो से कार्यरत मजदूरों को शनिवार की ड्यूटी से बाहर रखा जाता है,जब इसकी शिकायत उपश्रमायुक्त कार्यलय प्रयागराज से की गई तो उन्होंने हस्तक्षेप करते त्रिपक्षीय वार्ता शुरू कराई है, जो अभी भी जारी है लेकिन इफको प्रबंधन की तरफ से आए वातार्कारों का कहना है कि इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ का न तो श्रम विभाग में पंजीकृत है और ना ही इनके साथ ठेका मजदूरों की सदस्यता और समर्थन है, इसीलिए इफको प्रबंधन के झुठ और बेबुनियाद तथ्य के खिलाफ आज सैकड़ों की संख्या में श्रमायुक्त कार्यालय में पंजीकृत इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ के कार्यकारणी की सूची के साथ मजदूरों ने स्पष्ट रूप से सक्षम वातार्कार अधिकारी से कहा कि महोदय शांतिपूर्ण तरीके त्रिपक्षीय वार्ता कराकर मजदूरों को शनिवार का कार्यदिवस दिया जाय। अन्यथा मजदूर महोदय के कार्यलय पर शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इफको ठेका मजदूरों का समर्थन करते हुए इंडियन रेलवे इम्पलाइज फेडरेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि हम पहले भी इफको ठेका मजदूरों के संघर्ष में साथ है, आज भी है, आगे भी रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एक्टू राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी, इफको फूलपुर ठेका मजदूर संघ अध्यक्ष कॉम विजय सिंह, उपाध्यक्ष त्रिभुवन यादव, मंत्री कॉम त्रिलोकी पटेल, कोषाध्यक्ष फूलचंद्र प्रजापति, उपमंत्री मनोज कुमार, कार्यालय मंत्री राजनाथ, प्रचार मंत्री जगदीश, अमर सिंह, कमल सिंह, नान्हू दास, राम चन्द्र, हेम लाल, राजनाथ सेकेंड, अखिल भारतीय किसान महासभा जिला संयोजक कॉम सुभाष पटेल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## घर में घुस कर चोर तीन मोबाइल चोरी कर ले गए मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला आजम पुर में एक घर की दीवार फांदकर घर में घुस कर सो रहे परिवार का तीन कीमती मोबाइल चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला आजमपुर पूर्वी निवासनीय अफसाना बानों पत्नी मोहम्मद अली का पति बाहर रोजी रोटी के सिलसिले में रहता है। अफसाना बानों के अनुसार चोरों ने बीती रात घर की बाउंड्री फांदकर घर में घुस गए तथा परिवार का तीन कीमती मोबाइल चोरी कर ले गए। उक्त चोरी की घटना की जानकारी सुबह हुई तो अफसाना बानों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।



## हरिसेनगंज में पकडा गया अजगर को वन विभाग ने जंगल में छोड़ा

**मऊआइमा।** मऊआइमा के हरिसेनगंज में शनिवार रात ग्रामीणों ने एक अजगर के बच्चे को देख कर भीड़ लगा लिए। जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया था। वन विभाग ने पकड कर जंगल में रविवार को छोड दिया। मऊआइमा के ग्राम हरिसेनगंज में शनिवार की रात में एक अजगर का बच्चा देख कर गांव वाले भीड लगा लिए। वहीँ कुछ ग्रामीण भयभीत हो गए। इसकी सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुमार उर्फ गुड्डू ने वन विभाग को दी। जिसे बोरे में वनविभाग में रखा गया था। अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को वन दरोगा मसूद अहमद और बीट प्रभारी जंगबहादुर ने प्रतापगढ़ के गजेडा के जंगल में छोड दिए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अजगर की उम्र लगभग दो से ढाई माह थी। बहरहाल गजेडा के जंगल में छोड कर वन विभाग के कर्मचारियों ने इसकी जानकारी अपने अफसरों को दे दी।

## बीआरसी कार्यालय में 56 दिव्यांगों को दिया गया प्रमाणपत्र

**मऊआइमा।** मऊआइमा के बी आर सी कार्यालय में असेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगों, मूर्क बधिर आदि के56 बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया। मऊआइमा विकास खंड क्षेत्र के हरिसेनगंज स्थित बी आर सी कार्यालय में एक दिव्यांग असेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांग, मूर्क बधिर, दृष्टि बाधित, मानदमानसिक ,शारिरिक दिव्यांग कुल 56 बच्चों का परीक्षण सीएमओ के टीम द्वारा करके उन्हें प्रमाणपत्र दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बी एस ए प्रवीण कुमार तिवारी रहे तथा रेख देख खंड शिक्षाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर सोशल एजुकेशन आशा मिश्रा, कुसुम द्विवेदी, अजय कुमार, अजीत कुमार, मिताली तिवारी, दिनेश कुमार और,स्पेशल एनुकेटस एंव फिजियों कैरेपिस्ट का योगदान रहा। इस अवसर पर विकास खंड मऊआइमा के विभिन्न विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### नहर विभाग की तुगलकी नीति से ग्रामीणों का आवागमन बाधित, मुख्यमंत्री दरबार में लगाएंगे गुहार

**जंघई।** नहर विभाग के झूठे आश्वासन से ग्रामीणों का आवागमन का मार्ग बाधित हो गया है ।आरोप है कि चक मार्ग को खोद कर माइनर बनाते समय ग्रामीणों के विरोध पर नहर के जिम्मेदार अधिकारियों ने उन्हें लिखित आश्वासन दिया था कि नहर की पटरी से आप सब को आवागमन के लिए 4 मीटर चौड़ा रास्ता दिया जाएगा जो अब झूठा साबित हो रहा है ।शारदा सहायक खण्ड 39 की जंघई माइनर पिलखिनी व झारी होते हुए वरुणा नदी में जोड़ दी गई है ।जोकि कुछ दूर तक चक मार्ग नंबर 475 जिसमें 8 फिट चौड़ा माइनर बना दिया गया है ।ग्रामीणों ने कहा कि गांव के कुछ लोगों की साजिश में आकर अब पटरी पर रास्ता नही बनाने दिया जा रहा है ।जबकि ग्राम वासी अरसे पूर्व से बसे हुए हैं ।इस संबंध में भूलेंन निवासी शशिभूषण यादव, राजाराम मौर्य ने कहा कि इस सारे प्रकरण को लेकर वे मुख्यमंत्री दरबार में शीघ्र ही जायेंगे।

# शिव महापुराण कथा श्रवण करने से दूर हो जाता है भय

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन बूढ़े नाथ शिव मंदिर पांडेयपुर प्रांगण में 18 जुलाई से 30 जुलाई तक ग्रामीणों द्वारा किया गया है। कथा व्यास डॉ बालकृष्ण मिश्रा विद्या वारिधि काशी ने श्रोताओं को भगवान शिव की इस पावन कथा की श्रवण विधि व महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि शिव




महापुराण की कथा जीवन को सुखमय बनाती है कथा श्रवण करने से सभी प्रकार के भय दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि माता सती भगवान शिव के मना करने पर भी प्रजापति दक्ष के यज्ञ में पहुंचीं बिना बुलाए अपने पिता के घर गईं अपमान का सामना न करते हुए उन्होंने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शिव पुराण की कथा हमें उपदेश देती है कि जीवन साथी व अपने गुरु पर विश्वास व श्रद्धा होनी जरूरी है बिन बुलाए मेहमान व बिना परिवार की आज्ञा से कहीं भी जाना शुभ नहीं होता उन्होंने कहा कि भगवान शंकर के लिए भी गणपति महाराज प्रथम पूज्य थे। भगवान ने स्वयं यह वरदान उन्हें दिया था तथा वे एक बार इस बात की अवहेलना कर विपत्ति का शिकार हुए सर्व प्रथम भगवान शिव ने ही गणेश पूजन किया था। इस अवसर पर आचार्य आदित्य नारायण मिश्रा वेदाचार्य ज्योतिषाचार्य, श्रोताओं में राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक श्रीनाथ पांडेय, थानाध्यक्ष दुगार्गंज विनोद कुमार दुबे, लालता प्रसाद पांडेय, शिव देव पांडेय, अनिल दुबे, ओम प्रकाश पांडेय, राजेंद्र पांडेय, विश्वनाथ विश्वकर्मा, सौरभ पांडेय, राकेश पांडेय सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## बरूणेश्वर महादेव मंदिर बरना हर-हर महादेव से हुआ गुंजायमान, भक्तों ने किया जलाभिषेक

**प्रतापपुर।** बरूणेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सावन माह में भक्तगण भोले बाबा का दूध व गंगाजल से अभिषेक कर मंगल कामना कर रहे हैं माहौल भक्ति से ओत प्रोत है हर हर महादेव का जयघोष गूंज रहा है भक्तों द्वारा मत्था टेक कर मंगल कामना किया गया। शिवलिंग पर गंगा जल, दूध, दही, अक्षत, मिष्ठान, फल, फूल जैसे कई द्रव्यों से अभिषेक किया गया भोलेनाथ को भांग-धतूरा, बेलपत्र, श्वेत मंदार पुष्प, गन्ना आदि अर्पित करने के बाद भव्य तरीके से पूजन अर्चन आरती प्रसाद का आयोजन किया गया।भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं पूजा विधि विधान से की जा रही है। आस पास एवं दूर दराज के हजारों श्रद्धालु भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए बरूणेश्वर महादेव



मंदिर प्रांगण में सपरिवार पहुंच कर पूजन-अर्चन कर रहे हैं एवं परिवार एवं समाज के कल्याण हेतु भोलेनाथ से प्रार्थना कर रहे हैं।सावन मास में विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है हर हर महादेव के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। मंदिरों में खासतौर पर युवा काफी संख्या में पूजा अर्चना करते नजर आ रहे हैं उनका कहना है कि भक्ति और आस्था से उनमें सकारात्मक ऊर्जा आती है और अपने धर्म के प्रति आस्था मजबूत होती है।

## वृक्ष लगाओ वृक्ष बचाओ

### सुजावन देव के संरक्षण को लेकर मिशन के पहल की हुई प्रशंसा

**करछना।** जमुनापार में घूरपुर से लगभग 2 किलोमीटर दूर यमुना नदी स्थित पौराणिक सुजावन देव मंदिर के संरक्षण को लेकर मिशन के पहल की सभी ने प्रशंसा की है। प्रतिवर्ष द्वितीया पर्व पर लगने वाले विशाल तीन दिवसीय मेले के



अलावा स्थानीय लोगों के लिए यह पौराणिक महत्व का केंद्र रहा है। बीते कई वर्षों से यमुना नदी में बालू खनन और घाट के छंटते रहने से नदी में स्थित लगभग 60फुट ऊपर बने मंदिर की सीढ़ियां और आस, आस-पास का भाग दिनों दिन जर्जर हो रहा है। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी मुलाकात कर वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। डॉ. पांडेय ने कहा कि पुरातत्व विभाग से मिशन द्वारा जानकारी करने पर पता चला है कि नदी के घाट पर स्थित कुछ पुरा अवशेष ही उसके दायरे में हैं जबकि मंदिर पुरातत्व विभाग के दायरे में नहीं है ।इसके उपरांत पर्यटन विभाग के अधिकारी वीरेश कुमार के साथ मिशन के प्रतिनिधि मंडल ने मंदिर का दौरा कर वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष बाढ़ से मंदिर को छति पहुंच रही है ऐसी स्थिति में बाढ़ नियंत्रण इकाई द्वारा मंदिर के परितःबांध बना दिया जाए और घाट से लेकर मंदिर तक पहुंचने की सुविधा दे दी जाए तो पर्यटकों को भी पहुंचने में आसानी होगी और मंदिर का संरक्षण किया जा सकता है। महापौर गणेश केसरवानी ने भी मंदिर के भव्य निर्माण और उसके संरक्षण को लेकर मिशन की सराहना करते हुए कहा कि अपने स्तर से वह भी सार्थक पहल करेंगे और आगामी कुंभ के पूर्व पर्यटन क्रूज द्वारा सोमेश्वर महादेव,मनकामेश्वर मंदिर,समेत सुजावन देव को भी जोड़ा जाएगा।

### अज्ञात बदमाशों ने ई रिक्शा चालक को मारपीट कर किया घायल

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के हंडिया कोखराज नेशनल हाईवे पर ई रिक्शा चालक को शनिवार की रात अज्ञात बदमाश युवकों ने बेरहमी से पिटाई करने के बाद चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के मलाका मय भैसाही गांव के निकट नरेन्द्र कुमार 28 वर्षीय पुत्र भुवर निवासी सोनबरसा थाना नईगढ़ी जिला रीवा मध्य प्रदेश जो कि प्रयागराज शहर में ई



रिक्शा बैटरी चलाकर अपना एवं परिवार का भरण पोषण करता है। शहर के अल्लापुर क्षेत्र से शनिवार की रात दो युवकों ने ई-रिक्शा बुक करके थरवई क्षेत्र के हाईवे पर लेकर पहुंचे और किसी बात से नाराज होकर चालक को दोनों युवकों ने बेरहमी से पिटाई की और शरीर पर कई जगह चाकू से वार कर दिए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों बदमाशों युवकों ने बेहोश रिक्शा चालक का मोबाइल भी छीन कर मौके से भाग निकले ई-रिक्शा चालक रात भर वहीं पड़ा रहा। रविवार को सुबह ग्रामीण शौच क्रिया के लिए हाईवे पर गए तो ई-रिक्शा सहित चालक को घायल अवस्था में देख शोर मचाया। कुछ देर में भारी भीड़ मौके पर जुट गई जानकारी पाकर ग्राम प्रधान पप्पू कनौजिया भी मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना प्रभारी निरीक्षक थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी को दी। सूचना पर पुलिस पहुंचकर लिखा पढ़ाई करते हुए उचित कार्यवाही कर घायल को 108 नं. एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। हालांकि पुलिस ने बदमाश युवकों की छानबीन में जुटी हुई है।

### सांसद रीता जोशी के जन्मदिन पर किया मरीजों को फल वितरित

**मेजा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा में शनिवार को प्रयागराज की सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी का 74 वां जन्मदिन महिला मरीजों को फल वितरित कर मनाया गया। इस अवसर पर बाबा तिवारी ने कहा कि प्रो जोशी जी ने हमेशा गरीबों,मजबूरों



और जरूरतमंदों की हमेशा मदद करती हैं। उन्हीं से प्रेरणा लेते हुए हमलोग प्रतिवर्ष इन मरीजों के बीच आकर उनकी खुशी का कारण बनने की कोशिश करते हैं उनकी दीर्घ आयु की कामना करते हैं ।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनकी दीर्घ आयु की कामना की और संकल्प लिया कि मरीजों और बेसहारा लोगों की हमेशा मदद करते रहेंगे ।इस अवसर पर सांसद जोशी के जन्म दिन पर अस्पताल के अधीक्षक डॉओमप्रकाश,डॉ समीम अख्तर,डॉ सुरेश सोनकर, डॉ दीपू तिवारी, पुप्पे दुबे और स्टाफ नर्स आशा कुमारी समेत अस्पताल के समस्त कर्मचारियों ने जन्मदिवस की बधाइयां दीं एवं उनकी दीर्घ आयु की कामना की।

### कैथी ग्राम पंचायत में मियां वाकी स्थल पर हुआ वृहद वृक्षारोपण



**करछना।** वृक्षारोपण पखवारा के अंतर्गत विकासखंड के कैथी ग्राम पंचायत में वृहद वृक्षारोपण का कार्य व्यापक पैमाने पर किया गया जिसको लेकर ब्लाक कर्मचारियों एवं ग्रामीणों में उत्साह दिखा लाखों रुपए की प्रोजेक्ट योजना सरकार की गांव को हरा भरा बनाने के लिए मियां वाकी स्थल पर 1500 पौधों का रोपण कर वृक्षारोपण पर्यावरण एवं गांव की हरियाली के लिए अभियान चलाया गया विकासखंड की ओर से सरकारी योजना प्रत्येक गांव में संचालित की गई है जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायतों में पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए सरकार की इस पहल पर गांवों में हजारों वृक्षों को लगाए जाने की यह योजना वृक्षारोपण पखवारा दिवस के रूप में चलाया जा रहा है इस मौके पर ग्राम प्रधान सुशील कुमार, पंचायत सचिव आदित्य कुमार पौडवाल, रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव सहित ब्लॉक कर्मी एवं ग्रामीण जन वृक्षारोपण कार्य में अपना सराहनीय योगदान दिया।

### खुलेआम रोज बैठती है फड खेला जाता है लाखों का जुआ

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाका अमूमन जुआ खेलने के लिए सबसे सुरक्षित जगह माना जाता है। जुआ खेलने का फड सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने से जुआडियों में खलबली मची हुई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र जुआ खेलने का सबसे सुरक्षित स्थान माना जाता है। बताते हैं कि पहले मसियांव ताल पर लाखों का जूआ की फड बैठती थी। जहां प्रतापगढ़, सोरांव, फाफामऊ, मऊआइमा



कस्बा के अनेकों लोग किस्मत आजमाने पहुंचते थे। अब जुआ का स्थान कई जगह हो गया है। बताते हैं कि कस्बा के हनुमान गढी के पीछे, पक्का तालाब, अलीवृसिंहपुर, बरताल आदि स्थानों पर जुआ खेला जा रहा है। हरिसेनगंज में खुलेआम जुआ की फड का वीडीओ वायरल होने पर क्षेत्र में खलबली मची हुई है। पुलिस जुआडियों की शिनाख्त करने में लगी हुई है।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

**सोरांव।** इलाके के इमामकुली पुर गांव में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर गाली-गलौज व मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष को गंभीर चोटें आई हैं। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर प्रथम चिकित्सा हेतु सीएचसी सोरांव भेज दिया। जहां पर चोट गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने जिला हॉस्पिटल रिफर कर दिया।जानकारी के अनुसार रविवार सुबह लगभग 10 बजे सरोजा देवी पत्नी छेदीलाल अपने घर पर अकेली बैठी थी। तभी विपक्षी जंगी लाल व राजू तथा प्रियांशु एक राय होकर पीड़िता के घर पर लाठी डंडा लेकर आ गए। जब तक पीड़िता कुछ समझ पाती विपक्षियों ने गाली गलौज देना शुरू कर दिए। तथा लाठी डंडे से हाथ पैर व सिर पर प्रहार कर दिए। जिससे पीड़िता को हाथ व सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। मामले में पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर विपक्षी गणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया है। मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

# हंडिया थाने के दो सिपाही समेत तीन अवैध वसूली में गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

### गोपीगंज में ढाबे पर पहुंचे थे रंगदारी वसूलने

**प्रयागराज।** हंडिया थाने में तैनात दो सिपाही समेत तीन लोग शनिवार रात भदोही में गिरफ्तार कर लिए गए। वह गोपीगंज के छतमी के पास स्थित एक ढाबे में अवैध वसूली करने पहुंचे थे। तीनों को जेल भेज दिया गया है। मौके से आरोपियों का एक साथी नीली बत्ती लगी सफारी लेकर फरार हो गया था, जिसकी तलाश की जा रही है। राकेश बाजपेयी छतमी का रहने वाला है। वह छतमी सर्विस रोड पर ही बाजपेयी ढाबा का संचालन करता है। उसने बताया कि शुक्रवार दोपहर 2.45 बजे के करीब उसके ढाबे पर चार लोग आए। उन्होंने ढाबे का वीडियो बनाते हुए बताया कि वह लखनऊ से जांच करने आए हैं। उन्होंने होटल में ही खाना खाया और फिर वेटर व कारीगरों का नाम-पता नोट किया। फिर पांच लाख रुपये मांगे। रुपये नहीं देने पर फंसाने व होटल बंद कराने की धमकी दी। उसने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई तो एक लाख रुपये देने को कहा। ढाबा संचालक के मुताबिक, दहशत में आकर उसने 45 हजार नकद दे दिए। साथ ही शेष रकम अगले दिन देने की बात कही। जिस पर वह रुपये लेकर चले गए। शनिवार दोपहर तीन बजे के करीब चारों टाटा सफारी गाड़ी से फिर आ धमके। उसने रुपये देने में असमर्थता जताई तो हाथ पकड़कर गाड़ी में घसीटने लगे। उसके शोर मचाने पर अगल-बगल स्थित होटल के कर्मचारी जुटने लगे और विरोध कर दिया। विवाद होता देख सफारी लेकर आए आरोपियों का एक साथी भाग निकला। उधर तीनों से पूछा गया तो उन्होंने अपना नाम आलोक सिंह निवासी आशा सारनाथ जनपद वाराणसी, दूसरे ने राम परवेश यादव निवासी अतरौली थाना नगरा जनपद बलिया व तीसरे ने राहुल श्रीवास्तव निवासी देवरिया थाना जमनिया जनपद गाजीपुर बताया। यह भी बताया कि सफारी लेकर भाग निकलने वाला उनका साथी गौरव श्रीवास्तव है।

### गोपीगंज थाने ले जाने पर खुली सिपाहियों की पोल

सूचना पर गोपीगंज पुलिस पहुंची और तीनों को थाने ले जाया गया। वहां पता चला कि इनमें से आलोक व राम परवेश पुलिस विभाग में सिपाही हैं और हंडिया थाने में तैनात हैं। इसके बाद ढाबा संचालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।तीनों के खिलाफ रंगदारी वसूलने, मारपीट, गालीगलौज व धमकी देने समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज कर लिया गया है। उनके एक साथी की तलाश की जा रही है।

**- डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक।**

### 30 जून व 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मी को एक वार्षिक इंक्रीमेंट पाने का है हक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 30 जून व 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एक वार्षिक इंक्रीमेंट देने के खिलाफ राज्य सरकार की विशेष अपील खारिज कर दी है और कहा है कि विपक्षी रिटायर्ड डीएसपी चंद्रपाल सिंह व पांच अन्य नोशनल इंक्रीमेंट पाने के हकदार हैं। विपक्षी 30जून को सेवानिवृत्त हुआ था। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल तथा न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने राज्य सरकार की विशेष अपील को खारिज करते हुए दिया है हाईकोर्ट के 19 मई 23 के आदेश से विपक्षी अधिकारियों को एक इंक्रीमेंट देने के आदेश को अपील में चुनौती दी गई थी। नियमानुसार कर्मचारी के व्यवहार व सक्षमता के आधार पर एक वार्षिक इंक्रीमेंट दिया जाना चाहिए। सरकार का कहना था कि जब इंक्रीमेंट लगाने का समय आया तो विपक्षी सेवारत नहीं थे। इसलिए वे इसे पाने के हकदार नहीं हैं।याची अधिवक्ता का कहना था कि सुप्रीम कोर्ट ने करनाटक हाईकोर्ट के फैसले को सही माना है। जिसके अनुपालन में एकाउंट एवं ऑडिटर जनरल ने 12 जून 23 को सर्कुलर जारी किया है। इसलिए विपक्षी नोशनल इंक्रीमेंट पाने के हकदार हैं।

## न्यूज झरोखा

### दारागंज नाग बासुकि मंदिर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**नैनी।** पदम पुराण वर्णित ब्रम्हा जी द्वारा स्थापित दारागंज स्थित नागबासुकि मंदिर में मलमास के पावन पवित्र महीने में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज द्वारा रविवार को कार्यक्रम अधिकारी मनीष पांडेय के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रांगण में डस्टबिन होने के बावजूद भी लोग पूजा की प्रयोग हुई सामग्रियों को इधर-उधर फेंक देते हैं,जो कि गलत है। संस्था के वरिष्ठ मार्गदर्शक गणेश प्रसाद अग्रवाल एवं कमलेश जायसवाल ने कहा कि सरस्वती परिवार एक नेक कार्य कर रहा है, मंदिरों पर स्वच्छता अभियान चलाकर एवं आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरुक कर। संस्थाध्यक्ष संतोष तिवारी एवं पदाधिकारी जयवर्धन तिवारी ने कहा कि हम सब अकेले कब तक स्वच्छता अभियान चलाते रहेंगे ,इस पावन पुनीत कार्य में प्रयागराज की जनता को भी साथ में आकर स्वच्छता अभियान की अलख जगाकर प्रत्येक देव स्थान पर स्वच्छता संदेश पहुंचाना पड़ेगा। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, सुनील मिश्रा,धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा, शुभेंदु घोष,संदीप सिंह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, राजेश सिंह राठौर, आत्म प्रकाश यादव,धीरज राजवानी,सुधीर मिश्रा,सोम नाथ मिश्रा, कैलाश दत्ता, कार्तिकेय तिवारी, दिलीप जायसवाल,विनय कुमार सिंह, सतीश, रामचंद्र जायसवाल, मीनू पाण्डेय, तुलसी तिवारी, शौर्य वर्धन तिवारी, अनन्या चौरसिया आदि उपस्थित रहे

### भाजपाइयों ने मनाया सांसद रीता जोशी का जन्म दिन

**करछना।** भाजपा मंडल भडेवरा ओर से वरिष्ठ भाजपा नेता व करछना विधानसभा क्षेत्र के सदस्यता प्रमुख विष्णु शुक्ला के संयोजकत्व में स्थानीय सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी का जन्मदिन शनिवार देर शाम को खांई गांव में मनाया गया। कार्यक्रम में मौजूद भाजपाइयों की ओर से ईश्वर से उनके दीघार्यु की कामना की गई। वही आपस में सुंदरकांड पाठ का पारायण भी हुआ । साथ ही साथ आपस में मिष्ठान भी वितरित किया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल भडेवरा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय महामंत्री राम मनोहर लोहिया व रामबाबू पटेल प्रकाश नारायण द्विवेदी राजेश पांडेय राम पूजन यादव भाजपा मंडल भडेवरा की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सावित्री कुशवाहा कमलेश साहू आदि भाजपाई लोग मौजूद रहे । कार्यक्रम के संयोजक रहे भाजपा नेता विष्णु शुक्ला ने सभी के प्रति आभार जताया। इसी प्रकार भडेवरा बाजार में भाजपा नेता प्रभाकांत मिश्र की अगुवाई में शनिवार शाम को सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं भाजपा मंडल भडेवरा के मंडल मंत्री गंगेश्वर मिश्र की ओर से आपस में लड्डू भी वितरित करके एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया।

### नैनी कोतवाली परिसर वृक्षारोपण किया गया



**नैनी।** नैनी कोतवाली परिसर उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से वृक्षारोपण जन अभियान-2023 किया जा रहा है इस मौके पर प्रयागराज कमिश्नरेट थाना नैनी कोतवाली परिसर में थाना दिवस के मौके पर उप मजिस्ट्रेट एवं एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान एवं नैनी थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह के द्वारा वृक्षारोपण कर सभी को पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करनें हेतु अपील किया गया इस मौके पर समस्त चौकी इंचार्ज पुलिस मित्र एसपीओ यूथ इन प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल लेखपाल कानूनगो और कई अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शाइन सिटी के मालिकों पर एक और एफआईआर

**अखंड भारत संदेश**

### सिविल लाइंस में 19.80 लाख की ठगी का केस, जुलाई माह में दर्ज हुए 6 मुकदमे

**प्रयागराज।** साइंस सिटी का सब्जबाग दिखाकर लोगों की गाढ़ी कमाई लूटने वाले कंपनी के ऑनर्स के खिलाफ एक और धोखाधड़ी का मुकदमा शहर के सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराया गया है। जिसमें 19 लाख 80 हजार रुपए की ठगी का अरोप लगाया गया है। एफआईआर में साइंस सिटी के सीएमडी समेत कई लोगों को नामजद किया गया है। अब तक शाइन सिटी के मालिकानों पर एक दर्जन से ज्यादा धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में अलग-अलग स्थानों में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। ताजा प्रकरण नगर के जॉर्ज टाउन थाना अंतर्गत सर्वोदय नगर मोहल्ले की रहने वाली मधु जायसवाल प्नी रोहित जायसवाल ने दर्ज कराया है। मधु जायसवाल ने नगर के सिविल लाइंस थाने में तहरीर देकर बताया है कि शाइन सिटी के सीएमडी राशिद नसीम, आसिफ नसीम और आशीष श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। कहा मधु जायसवाल के अनुसार आशीष ने उन्हें साइंस सिटी के बारे में बताया और एक से बढ़कर एक सब्दबाग दिखाएं। उसके बाद सीएमडी और अन्य ने झांसा देकर उन्हें अपने जाल में फंसाया। अलग-अलग किस्तों में पांच लाख फिर 4.80 लाख और तीसरी बार में 10 लाख रुपए बैंक अकाउंट में ट्रांसिफर कराया। जब उन्हें सच्चाई का पता चला, तो मधु जायसवाल और रोहित जायसवाल ने शाइन सिटी के मालिकों से अपने 19 लाख 80 हजार रुपए वापस करने के लिए कहा। जिसके बाद मालिकानों की तरफ से उन्हें धमकी दी जाने लगी। कहा गया कि अपनी जुबान बंद रखो, नहीं तो पूरे परिवार को मार दिया जाएगा। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर भानु प्रताप का कहना है कि मुकदमा दर्ज हो गया है। जांच की जा रही है। अकेले जुलाई महीने में शाइन सिटी के मालिकानों पर आधा दर्जन से ज्यादा एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

### रेलवे गेटमैन से युवकों ने की मारपीट

**झूंसी।** स्टेशन के निकट स्थित रेलवे फाटक गेट संख्या 67 बी पर तैनात गेटमैन से दो युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया गेटमैन की शिकायत पर झूंसी पुलिस ने रविवार को दो लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज जांच कर रही है। कौशांबी चायल पिपरी निवासी मुलायम सिंह झूंसी स्टेशन के निकट स्थित रेलवे फाटक पर तैनात है। आरोप है कि शुक्रवार की रात मालगाड़ी आने से पहले गेट को बंद किया तभी आजाद नगर का रहने वाला आयुष मिश्रा पुत्र पंकज मिश्रा बुलेट से अपने साथी के साथ पहुंचा और तुरंत गेट खोलने की जिद करने लगा गेट मैंने गेट खोलने से मना किया तो दोनों युवकों ने गेटमैन मुलायम सिंह को जमकर पीटा पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आयुष व एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# अगस्त से खुलेगा निरंजन पुल का रास्ता

**अखंड भारत संदेश**

### निरंजन डॉट पुल पर चल रहा है रेलवे ट्रैक बिछाने का काम, अभी नहीं हुआ पूरा



**प्रयागराज।** निरंजन डॉट पुल का रास्ता अब 7 अगस्त नहीं बल्कि 15 अगस्त को चालू किया जाएगा। कार्यप पूरा नहीं होने के चलते यह निर्णय लिया गया है। हालाकि रास्ता बंद होने के चलते जानसेनगंज, चौक की तरफ जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सतीश कुमार निरंजन डॉट पुल पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां अभी तक कार्य न पूरा होने पर नाराजगी जताई। साथ ही यह निर्देश भी दिए कि यहां पर जो भी काम हो रहे हैं। उसे एक साथ पूरा कराएं ताकि बार-बार इस रास्ते को न बंद करना पड़। रेलवे के अधिकारियों की ओर से 7 अगस्त तक इस रास्ते को चालू करने की घोषणा की गई थी लेकिन कार्य पूरा न होने की वजह से अब इसकी अवधि बढ़ाकर 15 अगस्त कर दिया गया है। निरंजन पुल पर रेलवे लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। सबसे पहले इस पुल को खोलने के लिए 30 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई थी। लेकिन कार्य पूरा न होने के कारण यह तारीख बढ़ाकर 7 अगस्त कर दी गई। इस बार भी अभी कार्य बहुत अधूरा है। इसकी वजह से एक बार फिर डेट बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी गई है। अब उम्मीद है कि 15 अगस्त से निरंजन डॉट पुल का रास्ता खोल दिया जाएगा। रेलवे की ओर से 100 दिन तक के लिए निरंजन पुल बंद करने की घोषणा की गई थी जिसकी अवधि 16 अगस्त को पूरी हो रही है। 9 मई को निरंजन डॉट पुल का कार्य शुरू हो गया था।

# जंक्शन पर स्टॉलों की संख्या बढ़ाने की जरूरत

### रेलवे बोर्ड की सदस्य (परिचालन और व्यवसाय विकास) जया वर्मा सिन्हा ने ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** जंकशन उत्तर मधथ्य रेलवे के मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर महाकुंभ की तैयारियों के संबंध में जानकारी लिया। रेलवे बोर्ड की सदस्य (परिचालन और व्यवसाय विकास) जया वर्मा प्रयागराज दौ पर रहीं। उन्होंने डीएफसीसीआईएल के ओसीसी (ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर) का निरीक्षण किया। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक सतीश कुमार एवं प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। औऑपरेशन कंट्रोल सेंटर की कार्य प्रणाली को देखा महाप्रबंधक ने उनको बताया कि डीएफसीसी आईएल ने प्रयागराज में एक अत्याधुनिक ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर स्थापित किया है जो पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के 1337 किलोमीटर की पूरी मार्ग लंबाई के लिए कमांड सेंटर के रूप में कार्य करेगा। ट्रेन संचालन और बिजली आपूर्ति प्रणाली सहित प्रणाली को नियंत्रेत और निगरानी करेगा। सदस्य ने प्लेटफार्म पर स्टालों की संख्या कम होने की बात कही और स्टॉलों की संख्या बढ़ाने पर फोकस किया। जया वर्मा सिन्हा ने अधिकारियों के साथ बातचीत की और एनआरपी -2030 के लक्ष्यों को प्राप्त करने में गलियारे की संभावनाओं और इसके लिए दिन-प्रतिदिन के संचालन में आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने डीएफसी अधिकारियों को 86 प्रतिशत कमीशनिंग हासिल करने और न्यू सोननगर (बिहार) से न्यू साणंद (गुजरात) के बीच कनेक्टिविटी हासिल करने के लिए बधाई दी। मुख्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने उत्तर मध्य रेलवे की परिचालनिक व्यवस्था की सराहना की और विशेष तौर पर वंदे भारत के उत्कृष्ट और समयबद्ध परिचालन के लिए टीम की प्रशंसा की। इसी क्रम में उन्होंने संरक्षा के दृष्टिगित एसेट मेंटेनेंस में रोलिंग ब्लॉक प्रोग्राम बना कर कार्य करने के निर्देश दिए ग्राहक संतुष्टि के दृष्टगत, नवीनतम पैरामीटरों पर कार्य करते हुए, सफाई, समय पालनता, उत्कृष्ट गुणवत्तापूर्ण कैटरिंग पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। उन्होंने कुंभ 2025 के कामों के विषय में भी जानकारी ली और सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

### बड़े स्टेशनों से जुड़ेंगे छोटे स्टेशनों के नाम, टिकट बुकिंग के समय प्रयागराज क्लिक करने पर दिखेंगे आसपास के अन्य सभी स्टेशनों के नाम

**नैनी।** नैनी जंकशन, प्रयागराज जंकशन,अब छोटे-छोटे रेलवे स्टेशनों की पहचान बड़े स्टेशनों की मदद से होगी। टिकट बुकिंग के दौरान अब बड़े स्टेशनों का नाम क्लिक करने पर उस शहर के अआसपास के स्टेशनों का नाम भी दिखने लगेगा। इससे यात्रियों को यह समझने में आसानी होगी कि यात्री बड़े स्टेशनों के अलावा यदि छोटे स्टेशन पर रूकना चाहता है तो वह आसानी से समझ सकता है। रेलवे की ओर से यह नई पहल की गई है। उदाहरण के तौर पर यदि टिकट बुकिंग के दौरान प्रयागराज जंक्शन टाइप करते हैं तो स्क्रीन पर झूंसी, नैनी जंकशन, प्रयाग जंकशन, प्रयागराज संगम, प्रयागराज छिवकी, प्रयागराज रामबाग, सूबेदारगंज एवं हंडिया खास स्टेशन भी दिखेगा। इससे यात्रियों को एक बड़े स्टेशन का नाम टाइप करते ही आसपास के स्टेशनों को खोजना आसान होगा। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि अमूमन देखा जाता है रेलवे स्टेशनों के नाम स्थानीय और लोकप्रेय स्थानों के नाम से बिल्कुल भिन्न हो जाता है। ऐसे में यात्री को उस स्टेशन के बारे में जानकारी नहीं होती है। इसलिए यात्रियों को भ्रम की स्थिति न हो यह पहल की जा रही है। इसमें उत्तर मध्य रेलवे के मथुरा, झांसी, कानपुर, प्रयागराज, ग्वालियर, मीरजापुर, आगरा व अन्य लोकप्रिय शहरों के कई छोटे स्टेशनों को जोड़ा गया है। बुकिंग के दौरान कोई आगरा टाइप करता है तो स्क्रीन पर आगरा फोर्ट, इर्दगाह आगरा जंक्शन, टूंडला, राजा की मंडी स्टेशन पर स्क्रीन पर दिखेगा।




### गांधी की यादें ढहाने का पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष करन सिंह परिहार ने किया विरोध

**प्रयागराज।** चौधरी महादेव प्रसाद (सीएमपी ) पीजी कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष करन सिंह परिहार ने गांधी सर्व सेवा संघ के ढहाए जाने का विरोध किया है । करन सिंह परिहार ने कहा है कि धीरे - धीरे गांधी की यादें ढहाई जा रही है, सर्व सेवा संघ को तानाशाही रवैए से ढहा दिया गया। गांधी की विरासत पर यह पहला हमला नही है, ऐसे न जाने कितने हमले हुए है और आगे भी होते रहेंगे । यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरासत पर हमला है। आचार्य विनोबा भावे, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री एवं बाबू जगजीवन राम के प्रयासों से वाराणसी में सर्व सेवा संघ की स्थापना हुई थी। इसका मकसद राष्ट्रपिता के विचारों का प्रचार-प्रसार करना था। इन्हीं महापुरुषों के नेतृत्व में यह जमीन भी खरीदी गई थी। यह भवन गांधी स्मारक निधि एवं जयप्रकाश नारायण द्वारा किए गये दान-संग्रह से बनवाया गया था। गांधी के देश में महानायकों और राष्ट्रीय विरासत पर भाजपाई हमले को देश की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

### बिजली कटौती व लो बोल्टेज से ग्रामीण परेशान

**मेजा।** मेजा क्षेत्र के कई गांवों में इन दिनों बिजली की अघोषित कटौती व लो वोल्टेज के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। मेजा क्षेत्र के मेजा पावर हाउस से संबंधित दर्जन भर गांवों में कुछ समय से लोग कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त गांवों के लोगों को बिजली कर्मचारियों की लापरवाही के चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों बिजली नवीन कारण के चलते बिजली आपूर्ति बाधा आ रही है। बिजली न आने से किसानों की धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। मेजा के कई किसानों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से गांव में लो वोल्टेज व बिजली कटौती के कारण जहां बिजली के पंखे व अन्य उपकरण, कूलर, फ्रिज आदि नहीं चल रहे हैं, वहीं गर्मी के कारण रात के समय लोग सो नहीं पाते।इसके अलावा बारिश न होने से किसानों के सामने केवल बिजली का सहारा है,वह भी शो पीस बना हुआ है,जिससे किसान परेशान हैं। ग्रामीणों ने बिजली संबंधित विभागीय अधिकारियों से समस्या की शिकायत की लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हो सका है। किसानों ने विभागीय उच्चाधिकारियों से लो बोल्टेज और बिजली कटौती को शीघ्र दूर किए जाने की पुरजोर मांग की है।

### दलित छात्रावास में पुलिस कर रही है हस्तक्षेप, डीएम व पुलिस आयुक्त से न्याय की गुहार



**प्रयागराज।** बालसन चौराहा स्थित दलित छात्रावास का मामला कोर्ट में लम्बित होने के बावजूद स्थानीय पुलिस अनाधिकृत हस्तक्षेप कर संवासी एससी/एसटी छात्रों का उत्पीड़न कर जबरन खाली कराने का आरोप प्रतियोगी दलित छात्र सुनील के अधिवक्ता छोटे लाल ने लगाया है। अधिवक्ता छोटे लाल ने बताया कि नजूल भूमि सं0 1इ / 8 स्थित फतेहपुर बिछुआ पर बने मकान नं0 1अ/1अ/20/2अ हासिमपुर रोड थाना जार्ज टाउन पर बने दलित छात्रावास के सम्बन्ध में विपक्षी विनोद बाली आदि के विरूद्ध क्रिमिनल निगरानी संख्या 7601 / सन 2023 सुनील कुमार बनाम विनोद बाली आदि समक्ष अदालत सेशन जज इलाहाबाद विचाराधीन है। जिसमें सुनवाई हेतु तारीख 28-जुलाई नियत है। परंतु प्रतिवादी विनोद बाली, डॉ० शशांक रस्तोगी आदि द्वारा पुलिस के बल पर असंबैधानिक तरीके से दलित छात्रावास को ध्वस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रविवार को वादी सुनील कुमार को पुलिस मारपीट कर पकड़ ले गई। वादी अधिवक्ता ने जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त से हस्तक्षेप कर न्याय की गुहार लगाई है। अधिवक्ता का कहना है कि दौरान मुकदमा अनाधिकृत कार्यवाही पर रोक लगाई जाए। तथा ध्वस्तीकरण कार्यवाही को रोका जाना अति आवश्यक है।

# पर्यावरण की सुरक्षा ही हमारी सुरक्षा है : प्रो. निर्मला एस मौर्य




**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** स्वस्थ जीवन ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हमारा स्वास्थ्य और पर्यावरण एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, इसलिए पर्यावरण की सुरक्षा ही हमारी सुरक्षा है और पर्यावरण की सुरक्षा हमारा दायित्व भी है। यह विचार है वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्व विद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने धनैचा -मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में वृहद वृक्षारोपण महोत्सव के अन्तर्गत कही। उन्होंने स्व. आशुतोष को अपनी विनम्र श्रद्धांजली भी दी। इस अवसर पर जौनपुर से पधारे कुटीर पीजी कॉलेज, चक्के के पूर्व प्रधानाचार्य प्रो० मेजर रमेश मणि त्रिपाठी ने बच्चों का उदबोधन करते हुए कहा कि अपने लाभ और सुविधा के लिए हम जितने पेड़ काटते हैं उसके दोगुने पेड़ लगाकर हम अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं। उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य डॉ. मान सिंह यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए सर्वप्रथम इ० आशुतोष को विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा ग्रामीण अंचल में सभी आधुनिक सुविधाओं से? सुसज्जित उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले आशुतोष मेमोरियल की पर्यवरण के प्रति जागरूकता की प्रसंसा की। विद्यालय परिसर में अतिथियों एवं विद्याथीर्यों द्वारा 200 पेड़ लगाय गए और 810 पौधे बच्चों और गांव के लोंगो में वितरण किया गया। विद्यालय के चेयरमैन प्रो. जेपीएन मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. गिरीश कुमार पांडे ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वातेन्द्र ने किया।

### मानव जीवन को बचाना है तो वृक्षारोपण जरूरी




**जारी।** कौंधियारा थाना प्रभारी संजय द्विवेदी द्वारा चौकी परिसर में रविवार को वृक्षारोपण किया । साथ ही समस्त प्राणी जगत के जीवन में वृक्षो के महत्व के बारे में संदेश देते हुए अपने टीम के साथ आम जनमानस को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संरक्षित कर संपूर्ण विश्व को सुरक्षित बनाए रखने लिए प्रेरित किया ।कौंधियारा थानाध्यक्ष संजय द्विवेदी ने कहा कि मानव जीवन को बचाना है तो प्रत्येक नागरिकों से गांवो में पेड़ लगाना जरूरी है, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ लोगों का जीवन भी सुरक्षित रह सके ।उन्होंने कहा कि हर एक नागरिक की यह एक जिम्मेदारी है कि पर्यावरण को बनाए रखने के लिए पेड़ लगाना जरूरी है । सब को एक-एक वृक्ष लगा कर आने वाली युवा पीढ़ी को पेड़ लगा कर एक संदेश दे ,कि मानव जीवन में पेड़ लगाना कितना बहुमूल्य हो गया है ।जीवन में वृक्षों का महत्व बहुत है ।वृक्ष इस धरती का आभूषण है। वृक्षारोपण से ही भविष्य में प्रदूषण कम किया जा सकता ।एक वृक्ष सौ पुत्रों के बराबर है ।लगाने के साथ उसकी सेवा कर तैयार करने से ही भविष्य सुखद रहेगा। आपको बता दें कि चौकी परिसर में बालिकाओं के साथ पौधारोपण का कार्य किया गया इस अवसर पर जारी चौकी प्रभारी शैलेंद्र यादव , कांस्टेबल विशाल सिंह , राहुल सिंह, बृजेश यादव श्याम यादव समेत अन्य स्टॉप उपस्थित रहे।

# सड़क तथा बिजली व पेयजल परियोजनाओं से रामपुर खास की बढ़ती रहेगी चमकः प्रमोद तिवारी

## प्रमोद तिवारी ने विधायक मोना की ओर से सौपी विकास की सौगातें

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शनिवार की शाम अठेहा क्षेत्र के लोगों को स्वयं तथा विधायक मोना की ओर से सड़क एवं पेयजल योजना की सौगात सौंपी। सांसद प्रमोद तिवारी ने अलावलपुर से कुम्भीआइमा के लिए पूर्वांचल विकास निधि के तहत बारह सौ मीटर लम्बी नब्बे लाख की लागत से सीसी रोड की समारोहपूर्वक आधारशिला रखी।

सड़क एवं पेयजल से जुडी योजनाओं की सौगात को लेकर अलावलपुर में हुई जनसभा मे उमड़ी ग्रामीणों की भारी भीड़



अलावलपुर में जनसभा को संबोधित करते राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि अलावलपुर से कुम्भीआइमा तक इस सड़क के बनने से क्षेत्र के मसनी, पिंजरी, उमरार के लोगों को कुम्भीआइमा बाजार के लिए सबसे सुगम मार्ग की सुविधा होगी। उन्होने बताया कि विधायक मोना के प्रयास से पिंजरी से सैंठा मार्ग के मरम्मत कार्य हेतु भी शासन द्वारा पैतीस लाख रुपए स्वीकृत किया जा चुका है। श्री तिवारी ने कहा कि सड़क संसाधन बिजली एवं पेयजल परियोजनाओं के जरिए रामपुर खास को विकास से सुसज्जित बनाए रखने मे विधायक आराधना मिश्रा मोना के सराहनीय प्रयासो को मजबूती देते रहेंगे। वहीं उन्होनें अलावलपुर पेयजल योजना की भी समारोहपूर्वक आधारशिला रखी। श्री तिवारी ने कहा कि इस पेयजल योजना से अलावलपुर, पूरे दोदे सिंह, पूरे गुरूदत्त सिंह, पूरे दुवार्सा, पूरे बरियार सिंह तक पाइप लाइन से घर घर शुद्ध पानी मुहैया होगा। जनसभा की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व संचालन राजू सिंह ने किया। इस मौके पर राजपत सिंह, डॉ. अमिताभ शुक्ल, रिंकू सिंह परिहार, लल्लन सिंह, शैलेन्द्र सिंह मुन्ना, लव सिंह, देवराज यादव, रोहित सिंह, शेर मोहम्मद, नन्हें खां, मो. मुस्लिम, बद्री प्रसाद जायसवाल, नीरज सिंह, शिवकुमार साहू, अनवारूल, मो. इस्लाम, मुस्ताक अहमद, प्रमोद तिवारी, राजू मिश्र, मो. इरफान, हरिहरपाल सिंह आदि रहे। वहीं श्री तिवारी ने लालगंज नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में हाल ही मे दुर्घटना मे मृतक छात्र आशीष पाल के परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। दौरे में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सभासद कैलाश तिवारी, शास्त्री सौरभ आदि रहे।

# खण्डेलवाल समाज के लोगों ने नगर में निकाली कलश यात्रा



शोभा यात्रा में शामिल खण्डेलवाल समाज की महिलाएं व पुरुष।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** खंडेलवाल महिला सेवा समिति के तत्वावधान में शिव पुराण व रुद्राभिषेक का कार्यक्रम नगर स्थित किशोरी सदन में आयोजित किया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को प्रातः खंडेलवाल महिला सेवा समिति द्वारा गोपाल मंदिर से एक विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भारी संख्या में महिलाओं ने सर पर कलश रखकर पूरे रास्ते डीजे की धुन पर नाचते थिरकते सहभागिता की। जगह जगह पर लोगों द्वारा गुलाब की पंखुड़ियों से शोभा यात्रा का स्वागत किया गया।

इस मौके पर रेखा आमेरिया, ज्योत्सना सांवरिया, शशि बाजरग्यान, प्रेम जसोरिया, सुनीता झालानी, सुनीता आंकड, प्रिया जंघीनिया, मोनिका जसोरिया, बबीता बाजरग्यान, कविता बाजरग्यान, कंचन जसोरिया, संतोष जसोरिया, बिंदिया बाजरग्यान, आरती बाजरग्यान, अर्चना खारवाल, पिंकी बाजरग्यान, प्रियंका बाजरग्यान, अल्का बड़ाया, श्वेता, प्रभु, संजय झालानी, अरुण जसोरिया, आलोक बडाया, नीतेश जसोरिया, प्रदीप जंघीनिया, विकास सांवरिया आदि शामिल रहे।

# बगैर मान्यता के संचालित स्कूलों पर शिक्षा विभाग मेहरबान

## परिषदीय विद्यालयो से मुंह मोड़ रहे है बच्चे

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बगैर मान्यता के संचालित स्कूलों की वजह से लगातार परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की संख्या घटती जा रही। शिक्षा विभाग इन पर कार्रवाई करने के बजाय मौन है। स्थानीय क्षेत्र समेत रानीगंज कैथौला, सांगीपुर, घुइसरनाथ में दर्जनों विद्यालय बिना मान्यता के ही संचालित हो रहे हैं।

इन स्कूलों पर कार्रवाई करने के बजाय शिक्षा विभाग मौन है।विभाग की इस लापरवाही के चलते परिषदीय विद्यालयों के भविष्य पर संकट मंडराने लगा है। शासन ने शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू करके 6 से 14 वर्ष के बच्चो को मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की है। इसका मुख्य उद्देश्य है की कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न होने पाए। वहीं निजी स्कूलों में भी 25 प्रतिशत गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने का फरमान शासन ने सुनाया है। अधिकारियो की लापरवाही के चलते यह जमीनी हकीकत से कोसों दूर है। विभागीय लापरवाही के चलते निजी स्कूलों में हो रही मनमानी पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप गरीब बच्चो को शिक्षा मुहैया कराने में प्रशासन असफल दिखाई दे रहा है। उधर इस संबंध में बीएसए से बात करने का प्रयास किया गया,लेकिन बात नही हो सकी।

### एक ही प्रांगण में चल रही है प्राथमिक व इंटर की कक्षाएं

लालगंज, प्रतापगढ़। निजी स्कूल संचालकों की मनमानी इस कदर है कि प्राथमिक व इंटर की कक्षाएं एक ही प्रांगण में संचालित करते हैं। जबकि दोनो अलग-अलग होनी चाहिए। मानक की अनदेखी पर विभाग भी अनदेखी कर रहा है।

### दुष्कर्म का आरोपी धराया

**लालगंज प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सांगीपुर इलाके की एक युवती ने लालगंज कोतवाली क्षेत्र के ईंदिलपुर निवासी पिंटू यादव पुत्र स्वर्गीय राघव राम के खिलाफ 2 महीने पहले दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। रविवार को प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे। मुखबिरी की सूचना पर फोर्स ने लालगंज थाना के अमावा बाजार से दबिश देख कर पिंटू यादव को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद सांगीपुर पुलिस ने दोपहर बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

## छत के रास्ते से दो घरों में घुसे चोरो ने की चोरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के जाखामई गांव मे शनिवार की बीती रात छत के रास्ते घर में घुसे चोरो ने चोरी किया जिसकी जानकारी चोरो के चले जाने के बाद परिजनों को हुई। घटना की जानकारी मानिकपुर पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ करने मे जुटी हुई है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के जाखामई गांव निवासी ज्ञानचंद्र पांडे व सचिन पांडेय के घर मे घुसे चोरो ने बड़े आराम के साथ चारी करते हुए नकदी ० जेवरात चुरा ले गये। सुबह जब घर के परिजन सोकर उठे अंदर का नजारा देख दंग रह गये सब कुछ बिखरा हुआ पड़ा था। जेवरात व नगदी पैसा गायब था। पीड़ित ज्ञानचंद्र व सचिन पांडे ने अज्ञात चोरों के खिलाफ घटना की तहरीर मानिकपुर पुलिस को दिया। चोरी गये जेवरात की कीमत अनुमानित नकदी सहित दो तीन लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस जाँच पड़ताल मे जुटी हुई है।


# सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से तीसरा ओवर ब्रिज हुआ स्वीकृत

## कुंडा के करेंटी रोड़ स्थित रेलवे फाटक पर बनेगा ओवर ब्रिज

अखंड भारत संदेश

### आए दिन लोग घंटो जाम से रहते थे परेशान

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी लोकसभा के सांसद, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर के अथक प्रयास से नगर के करेंटी रोड़ स्थित रेलवे फाटक पर रेल मंत्रालय द्वारा ओवर ब्रिज बनाने की संस्तुति की गई। जल्द ही विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया जारी होगी। ओवर ब्रिज बन जाने के बाद लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। उक्त जानकारी सांसद विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी



कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर।

भूपेन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही सांसद विनोद सोनकर की पहली प्राथमिकता है।

2014 से कुंडा एवं बाबागंज विधानसभा क्षेत्र का लगातार विकास किया जा रहा है। अब विकास का रथ रुकने वाला नही है। कुंडा नगर के करेंटी रोड़ स्थित रेलवे फाटक में आए दिन लोग घंटो जाम में फंसे रहते थे। कभी कभी मॉल गाड़ी खड़ी होने के बाद घंटों रेलवे फाटक बंद रहता था।

ऐसे में रेलवे फाटक पर एक लंबी लाइन वाहनों की लग जाती थी। बीते माह क्षेत्र के मवई , बाबूगंज रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज की सौगात सांसद विनोद सोनकर ने दी तो क्षेत्र के लोगों ने करेंटी रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज की मांग तेज कर दी। सांसद विनोद सोनकर के द्वारा लगातार प्रयास से आखिरकार रेलवे ने नगर स्थित करेंटी रोड़ पर स्थित रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाने की संस्तुति जारी कर दी। ऐसे में अब कुंडा क्षेत्र में तीन रेलवे ओवर ब्रिज बनने जा रहा है। यही नहीं क्षेत्र के सभी प्रमुख चौराहे, धार्मिक स्थलों पर सांसद विनोद सोनकर के द्वारा प्रकाश हेतु हाईमास्ट लगाए गए है। हीरागंज, बिहार, बाघराय बाजार में सौर ऊर्जा के प्रकाश से बाजारों को रोशन किया गया है। सांसद के द्वारा संचालित मोदी वैन गांवों में जाकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही है। सांसद विनोद सोनकर के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है।

# .....हम एक थे, एक एक हैं और एक रहेंगे

## नाजिश प्रतापगढ़ी की जयंती पर कवियों व शायरों ने अपनी पंक्तियों से दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित मशहूर शायर और कवि नाजिश प्रतापगढ़ी की जयंती पर जनपद के कवियों और शायरों ने उन्हें याद किया। नाजिश प्रतापगढ़ी की जयंती पर उनके पैतृक आवास नाजिश मंजिल स्टेशन रोड प्रतापगढ़ में रात्रि में एक कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने उनके दिन और शख्सियत पर चर्चा की और शायरों और कवियों ने अपने गीतों और गजलों से उन्हें याद किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकेश शुक्ला निदेशक आकाशवाणी इलाहाबाद रहे। अति विशिष्ट के रूप में मोहम्मद अनाम




नाजिश प्रतापगढ़ी की जयंती में उपस्थित आकाशवाणी निदेशक लोकेश व अन्य।

साहब रहे। अध्यक्षता डॉक्टर आफताब जौनपुरी ने की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने बताया कि नाजिश प्रतापगढ़ी साहब इच्छा के अनुसार उनकी गीत और गजल की उर्दू की 12 किताबों में से अब तक दो किताबों को आम जनमानस के लिए देवनागरी लिपि में नाजिश ग्रंथावली भाग-1 एवं भाग 2 प्रकाशित कराया गया है। तीसरी किताब नाजिश ग्रंथावली भाग 3 यानी मता ऐ नाजिश पर काम चल रहा है और बहुत जल्द प्रकाशित होकर एक बड़े कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के हाथ मे पहुंचेंगे। कवियों में रहे सलमान प्रतापगढ़ी, अकरम इलाहाबादी, सुनील प्रभाकर तल हा ताबिश, डॉक्टर विंध्याचल सिंह, जमीर प्रतापगढ़ी, रौनक प्रतापगढ़ी, मोहम्मद खालिद, आनंद मोहन ओझा, डॉक्टर वसीयत उल्लाह डेंववउ, मोहम्मद साहबान, अब्दुल्ला, जमील अहमद, मोहम्मद अनस, मोहम्मद अतीक, इमरान प्रतापगढ़ी, कुलसुम फातमा, अरशद कादरी, अब्दुल माबूद, आदि रहे। मुख्य अतिथि लोकेष ने उनका प्रसिद्ध कौमी तराना हम एक थे, हम एक हैं, हम एक रहेंगे पढ़कर लोगों को भाव विभोर कर दिया और कहां नाजिश प्रतापगढ़ी साहब ने अपनी सारी जिंदगी और शायरी अपने वतन भारत के लिए कुर्बान कर दी। अंत में डॉ मोहम्मद अनीस ने उनकी मशहूर नज्म के साथ प्रोग्राम की समाप्ति की।

### दुष्कर्म का आरोपी धराया

**लालगंज प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सांगीपुर इलाके की एक युवती ने लालगंज कोतवाली क्षेत्र के ईंदिलपुर निवासी पिंटू यादव पुत्र स्वर्गीय राघव राम के खिलाफ 2 महीने पहले दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। रविवार को प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे। मुखबिरी की सूचना पर फोर्स ने लालगंज थाना के अमावा बाजार से दबिश देख कर पिंटू यादव को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद सांगीपुर पुलिस ने दोपहर बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

# मणिपुर घटना को लेकर आम आदमी ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में मणिपुर राज्य में हुई हिंसा और महिलाओं को निर्वस्त्र घुमा कर गैंगरेप के मामले को लेकर आप जिला कार्यालय से विरोध प्रदर्शन शुरू होकर सदर चैराहा, भैरोपुर, कपूर चैराहा, चैक घंटाघर, श्रीराम चैराहा, राजापाल चैराहा, पुलिस लाइन चैराहा, अम्बेडकर चैराहा होते हुए जिला अधिकारी आवास पर चलकर जिलाधिकारी महोदय के अनुपस्थिति में उनके अधीनस्थ को ज्ञापन सौंपा। उक्त कार्यक्रम में दिनेश उपाध्याय, भास्कर तिवारी, बल्देव सिंह, देवीदीन गौतम, मनोज सिंह,मजहर अली,राहुल यादव, सचिन ओझा,बंसीलाल गौतम,रामदेव यादव, विद्या शंकर विश्वकर्मा,



अम्बेडकर चौराहे पर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

राम नयन बर्मा, शशिधर त्रिपाठी, पिंटू यादव, अंकुश शुक्ला, चंदन सिंह फौजी, राजाराम यादव, शिवसागर सिंह, मो०फरीद, इकलाख अहमद, राजेश सिंह, वैभव आदि लोग उपस्थित रहे।

## आरोपियों ने पति और पत्नी को पीटकर किया जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दिलीपपुर थाना के सिंगठी खालसा गांव निवासी चंद्रभान सिंह तथा अमर सिंह का जमीन का विवाद चला आ रहा है। शुक्रवार को करीब साढ़े चार बजे अमर सिंह के घर का जानवर चंद्रभान सिंह की खेत में चला गया था। जिसका उलाहना देने जब चंद्रभान सिंह अपनी पत्नी के साथ रात आठ बजे गया तो दो पक्षों में कहासुनी के बाद लाठी डंडे चले, जिसमें एक पक्ष से चंद्रभान सिंह (48) और उसकी पत्नी नीता सिंह (45) एवं बेटी सोनम (16) तथा दूसरे पक्ष से अनुज सिंह (16) एवं अनूप सिंह (13) घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार एवं मेडिकल के लिए सीएचसी बेलखरनाथ धाम अस्पताल भेजा। इस दौरान चंद्रभान का आरोप है कि जब वह 108 एंबुलेंस से रात में उपचार के लिए सीएचसी बेलखरनाथ धाम अस्पताल गया था, तो उसी दौरान कुछ लोगों ने रंजिशन उसके आवासीय छप्पर में आग लगा दिया, जिससे उसका गृहस्थी का हजारों का सामान जलकर राख हो गया। शनिवार सुबह दोनों पक्षों ने दिलीपपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसओ राधेश्याम ने बताया कि सूचना मिली है। दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। कार्रवाई की जाएगी।

# किशोर के अपहरण का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोर के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज पुलिस ने घर से निकले किशोर के देर शाम तक वापस घर ना पहुंचने को लेकर उसकी मां की तहरीर पर केस दर्ज किया है। महाराज का पुरवा गांव की पूनम मिश्रा पत्नी सतीश ने दी गई तहरीर में कहा है कि 12 जुलाई को सुबह 9 बजे उसका पुत्र देवांश (15) घर से निकला। देर शाम तक देवांश घर वापस नहीं पहुंचा तो परिजन परेशान हो उठे। काफी खोजबीन के बाद भी देवांश का पता नहीं चल सका। पुलिस ने शनिवार की रात पीड़िता की तहरीर पर देवांश के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। तहरीर में पूनम ने बेटे के साथ अप्रिय वारदात होने की भी आशंका जताई है।

## रामराज इंटर कॉलेज में किया गया पौधारोपण

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज में वृक्षारोपण करके पर्यावरण का व्यापक संदेश प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने मौजूद छात्र छात्राओं को दिए। विद्यालय परिसर में पौधा रोपण करते हुए उन्होंने मौजूद छात्र छात्राओं को संबोधित किया और कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाकर उसे सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह परोपकार से बढ़कर मानवता से उठकर आगे बढ़ने की एक प्रक्रिया है। उन्होंने यह भी बताया कि पेड़ों को लगाने से अधिक आवश्यक है उसकी सुरक्षा करके उसे बड़ा किया जाए। कितने ऐसे पौधों का रोपण किया जाता है जिनका बाद में कोई देखरेख नहीं हो पाता है ।

# नहरों में साफ-सफाई व झाड़ियां देख भड़की कमेटी

## विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति ने देखी हकीकत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के चेयरमैन एमएलसी रविवार को लालगंज क्षेत्र में विभिन्न सरकारी योजनाओं की हकीकत खागली। आपदा प्रबंधन जांच समिति के करीब 2 घंटे तक लालगंज ठहरने के दौरान प्रशासनिक अमले में हड़कंप का माहौल भी बना दिखा। कमेटी के चेयरमैन उमेश द्विवेदी ने लालगंज लालगंज वन प्रभाग के शीतलमऊ बन ब्लॉक में रोपित हुए पौधों की सुरक्षा तथा रखरखाव का स्थलीय निरीक्षण किया।

एमएलसी उमेश द्विवेदी ने निरीक्षण के दौरान मौजूद डीएफओ जेपी श्रीवास्तव को वन विभाग की भूमि का मृदा परीक्षण कराए जाने को कहा उन्होंने कहा कि वन प्रभाग में बबूल के पेड़ों की जगह छायादार तथा फलदार सघन पौधरोपण कराकर इसे पूरी तरह से रिजर्व क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इसके बाद एमएलसी उमेश द्विवेदी ने नेशनल हाईवे लखनऊ-वाराणसी के प्रतापगढ़-रायबरेली से लगे राजेंद्र नगर तिराहे से संगम चैराहा तथा भेभौंरा से जुड़ने वाले कालाकाकर हाईवे तक बनी नहर विभाग की पिच मार्ग की भी हकीकत खागली। राजेंद्रनगर तिराहे से सरस्वती विद्या मंदिर तक नहरों में गंदगी का आलम तथा नहर के दोनों किनारे उगे झाड़ को देख चेयरमैन सहित कमेटी विभागीय अफसरों पर बरस पड़ी। चेयरमैन उमेश द्विवेदी ने निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अरविंद वर्मा तथा सहायक अभियंता गणेश शंकर श्रीवास्तव को कड़ी फटकार लगाते हुए नहर की दुर्दशा पर कमेटी के समक्ष स्पष्टीकरण देने के भी कड़े निर्देश दिए। जंगल से पांडे का पुरवा बन ब्लॉक तक नहर से जुड़े कच्चे मार्ग को डीएफओ से दुरुस्त कराए जाने को कहा।

उन्होंने नहर मार्ग पर जंगलीबीर बाबा के सामने लोगों की सुविधा के लिए नहर विभाग पुल बनाए जाने का भी प्रस्ताव सौंपने को कहा। नहर में पानी के समुचित ना बहने की स्थिति पर भी कमेटी को नाराज देखा गया। वही भादरी माइनर में जगह-जगह कुलाबा को भी झूठा देख नाराजगी जताई गई।

लालगंज बाजार में सार्वजनिक स्थलों तथा धार्मिक स्थलों के आसपास अतिक्रमण को देखकर भी कमेटी के अफसरों ने एसडीएम लालगंज लालधर सिंह यादव को फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान मौजूद एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा ने भी अफसरों को कमेटी के दिए गए निर्देशों को तत्काल अमल में लाए जाने के सख्त लहजे में निर्देश देते देखे गए। इस मौके पर जांच समिति के उपसचिव तेज प्रताप सिंह, समीक्षा अधिकारी मयंक यादव, अपर निजी सचिव अभिनव यादव, अभय सिंह, अमित तिवारी, ओम प्रकाश सैनी, बाबा तिवारी, लक्ष्मणपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश सिंह, चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, रुलर्स बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ला, बृजेश द्विवेदी, विकास पांडे, दिनेश सिंह, संजय सिंह, शास्त्री सौरभ, संजय द्विवेदी, अभिमन्यु सिंह, अधिवक्ता राजेश तिवारी आदि रहे। इसके पूर्व कमेटी के चेयरमैन उमेश द्विवेदी ने कमेटी के अधिकारियों के साथ बाबा घुइसरनाथ धाम में पहुंचकर दर्शन पूजन किया। यहां उन्होंने सावन तथा अधिमास के मेले से जुड़े प्रशासनिक प्रबंधन का भी निरीक्षण किया।

संपादकीय

# महिलाओ पर जुल्म के मामले में कार्यवाही हो, केवल राजनीति नहीं

मणिपुर की घटना को लेकर अन्य दलों के साथ कांग्रेस भी भाजपा पर हमलावर है। यह स्वाभाविक है लेकिन क्या इसकी अनदेखी कर दी जाए कि राजस्थान सरकार के एक मंत्री ने जब यह कहा कि हम महिलाओं की सुरक्षा में विफल हैं और उनके खिलाफ जैसे अत्याचार हो रहे हैं, उसे देखते हुए हमें मणिपुर के स्थान पर अपने अंदर झांकना चाहिए तो उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। मणिपुर , बंगाल , छत्तीसगढ़ , राजस्थान की यौन हिंसा की वीभत्स घटना के बाद महिला उत्पीड़न की अन्य शर्मनाक घटनाओं को लेकर विभिन्न दल एक–दूसरे पर जिस तरह आरोप उछाल रहे हैं, वह सस्ती राजनीति और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर बरती जानी वाली संवेदनहीनता ही है। राजनीति के इसी रवैये के कारण महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी लगाम नहीं लग पा रही है।

निश्चित रूप से नारी विरोधी अपराधों के मामले में बात किसी राज्य विशेष की नहीं है। देश के हर हिस्से में उनके साथ अत्याचार होता रहता है और कई बार तो इतना भयानक कि देश को लज्जित होना पड़ता है, लेकिन राजनीतिक दल, अनेक बुद्धिजीवी और यहां तक कि देश–विदेश के मीडिया का एक हिस्सा भी अपना आक्रोश यह देखकर व्यक्त करता है कि घटना किस दल के शासन में हुई? इसी हिसाब से उनकी संवेदना जागती है। यह निकृष्ट कोटि की संकीर्णता है। आपसी संघर्ष और राजनीतिक–सामाजिक वैमनस्य के चलते महिलाओं का यौन उत्पीड़न दुनिया भर में होता है, लेकिन अपने देश में राजनीतिक क्षुद्रतावश उनके मामले में बड़ी बेशर्मी के साथ दोहरा मानदंड अपनाया जाता है।

देखा जाय तो जब ऐसी घटनाए होती है तब एक तरफ महिलाओं के साथ भीड़ घिनौनी हरकत करती हैं , उसके वस्त्र उतारती हैं। महिलाएं चिल्लाती हैं, मदद की गुहार लगाती हैं, पर कोई उसे मदद नहीं करता, बल्कि उस भीड़ में शामिल कोई वीडियो बना रहा होता है और अपने मन मुताबिक उस वीडियो को वायरल करता है। जैसे ही वीडियो वायरल होता है तो न्यायालय के न्यायाधीश सक्रिय हो जाते हैं। वे सारे राजनीतिक दल जिनके राज्य में खुद ही महिलाएं असहाय और असुरक्षित रहती है, वे अपनी सुविधानुसार राजनीतिक बयानबाजी करते हैं ।

संसद ठप्प कर दी जाती है लेकिन कोई इस बात पर ध्यान नहीं देता कि आखिर यह समाज इतना नीचे कैसे चला गया? इतना पतित कैसे हो गया? इसे इतना पतित करनेवाला कौन है, उसे ढूंढा नहीं जाता और न इसका इलाज किया जाता है बल्कि इसे मुद्दा बनाकर अपने हिसाब से राजनीतिक रोटी सेंकी जाती है ताकि आनेवाले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में अपने–अपने अनुसार राजनीतिक रोटियां सेंकी जा सकें।

सच्चाई यह है कि मणिपुर में जो कुछ हुआ, उससे पूरा देश हिल गया लेकिन बंगाल, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में जहां हुआ। स्वयं झारखण्ड में कई लड़कियां यौन शोषण की शिकार हो गई, मार दी गई, उस वक्त सब के होठ क्यों सिले हुए थे जो आज चीत्कार कर रहे हैं। लड़कियों और महिलाओं पर होनेवाले अत्याचारों पर इतना विभेद क्यों होता हैं ?

राजस्थान व छत्तीसगढ़ में जब इस प्रकार की घटना घटे तो कांग्रेस वाले मुंह क्यों सिल लेते है? बंगाल में जब महिलाओं के साथ मणिपुर जैसी घटनाएं घट गई तो तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी तथा इनसे सहयोग लेकर भाजपा को 2024 में परास्त करने का ख्वाब देखनेवाली पार्टियां क्यों चुप्पी लगा गई? राजस्थान में तो कांग्रेस के ही एक कैबिनेट मंत्री ने सदन में ही अपने सरकार की क्लास लगा दी और कह दिया कि राजस्थान में कोई महिला सुरक्षित नहीं। महिला अपराध में राजस्थान इस देश में नंबर एक पर है। उस मंत्री के इस सच बोलने का परिणाम क्या हुआ। उसे मंत्रिमंडल से ही धक्का मारकर निकाल दिया गया। क्या गजब की राजनीति है।

मतलब यहां अगर दलितों–आदिवासियों या उनकी बेटियों व महिलाओं पर अत्याचार हो तो राजनीतिक दल ये देखते है कि वहां किसकी सरकार हैं और जो वहां का विरोधी दल है, वो इस मुद्दे को अपने हिसाब से उठाता हैं, बाकी सभी चुप्पी लगा जाते हैं। इस प्रकार की निर्लज्जता की सीख राजनीतिक दलों को कहां से मिलती है , पता नहीं । कम से कम इस प्रकार की घिनौनी हरकत तो बंद होनी ही चाहिए।

मणिपुर में जो हुआ, उसको लेकर तो कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और अन्य भाजपा विरोधी पार्टियों के नेताओं के बयान तो खूब आये, पर जैसे ही बंगाल और राजस्थान की बारी आई, इन नेताओं के बयान कहीं भी दिखाई नहीं पड़े और न ही सुनाई पड़े। आश्चर्य है कि मणिपुर कांड पर तो सुप्रीम कोर्ट भी सक्रिय हो गई लेकिन अन्य राज्यों में होनेवाले अत्याचारों पर उसका कोई रुख नहीं दिखा। दरअसल यही अपराध के बढ़ने का मूल कारण है।

सच्चाई यह है कि अपने देश में इस प्रकार की घटना कोई पहली बार नहीं हो रही और कोई राजनीतिक पार्टियां अथवा न्यायालय इस बात का दावा भी नहीं कर सकता कि इस देश में इस प्रकार की घटनाएं आनेवाले समय में नहीं होगी। याद करिये दिल्ली का निर्भया कांड और याद करिये असम में कई वर्ष पूर्व एक आदिवासी महिला के साथ हुआ वो घिनौना अत्याचार, जिसको लेकर पूरा देश हिल गया था। क्या वो घटनाएं छोटी थी। अगर उस घटना के बाद भी मणिपुर और बंगाल में इस प्रकार की घटना घट गई तो ये बताने के लिए काफी है कि अपना देश महिलाओं की सुरक्षा देने में कितना नीचे गिर चुका है।

दरअसल, आजकल देखा जा रहा है कि अपने समाज में नाना प्रकार की विकृतियों ने जन्म ले लिया है। पहले गांव–मुहल्ले के एक परिवार में जैसे ही एक बालक या बालिका का जन्म होता था तो उस नवजात शिशु का एक प्रकार का रिश्ता भी सामाजिक तौर पर जन्म ले लिया करता था। आज क्या है? सभी लेडीज व जेन्टलमेन बनने में विश्वास कर रहे हैं और रिश्ते गायब होते चले गये।दूसरा सब के हाथ में मोबाइल हैं। क्या छोटा, क्या बड़ा? पर वे इस मोबाइल से कर क्या रहे हैं, न तो बड़ों को पता है और न छोटों को। परिवार के लोग तो बड़े आराम से इंटरनेट के साथ छोटे बच्चों को मोबाइल थमा रहे हैं, और बच्चे इसी के साथ बच्चे न होकर अधकचरे हो जा रहे हैं, जिसका प्रभाव यह है कि समाज नीचे गिरता चला जा रहा है।

# महिलाएं ही समाज की असली आर्किटेक्ट !

**सुनील कुमार महला**



यह बहुत ही दुखद और विडंबनापूर्ण है कि मणिपुर में पिछले लगभग तीन महीनों से या यूं कहें कि पिछले 83 दिनों से रह-रहकर हिंसा की घटनाएं जारी है। इसी बीच, कुछ ऐसे वीडियो सामने आए हैं, जिसने पूरे देश को शर्मसार कर दिया है। हाल फिलहाल जो विडियो सामने आए हैं, उससे संपूर्ण देश की गरिमा को गहरा आघात लगा है। सच तो यह है कि इन विडियो ने संपूर्ण देश को दहला कर रख दिया है। इस वीडियो में कुकी समुदाय की दो महिलाओं को नग्न करके सड़क पर घुमाते हुए दिखाया जा रहा है और ये वीडियो आज भारत ही नहीं अपितु पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन चुका है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसकी गहरी निंदा की है और आक्रोश व्यक्त किया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात कही है कि, 'मेरा हृदय पीड़ा से भरा है, क्रोध से भरा है।

मणिपुर की जो घटना सामने आई है, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। पाप करने वाले, गुनाह करने वाले, कितने हैं-कौन हैं, यह अपनी जगह है लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। सभी मुख्यमंत्रियों से आग्रह करता हूं कि वे माताओं-बहनों की रक्षा करने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाएं। अपने राज्यों में कानून व्यवस्था को और मजबूत करें। घटना चाहे राजस्थान की हो, छत्तीसगढ़ की हो या मणिपुर की हो, हम राजनीतिक विवाद से ऊपर उठकर कानून व्यवस्था और नारी के सम्मान का ध्यान रखें। किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा। मणिपुर की इन बेटियों के साथ जो हुआ है, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। यहां तक कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने केंद्र और राज्य सरकार को सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस ने तो यहां तक कहा है कि या तो सरकार मणिपुर मामले पर तुरंत कार्रवाई करे, नहीं तो हम खुद इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे।

मामले पर संज्ञान लेते हुए शीर्ष अदालत ने यहां तक कहा है कि सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से अदालत को अवगत कराया जाना चाहिए ताकि अपराधियों पर हिंसा का मामला दर्ज किया जा सके। यह बहुत ही संवेदनशील, दुखद व महत्वपूर्ण है कि आज देश में महिलाओं पर ऐसे अत्याचार किए जा रहे हैं। मीडिया के हवाले से जो कुछ भी सामने आ रहा है वह दशार्ता है कि आज महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं रह गई हैं और उन पर हिंसा, अत्याचार ढ़ाया जा रहा है। वास्तव में, महिलाओं को हिंसा के साधन के रूप में इस्तेमाल करना संवैधानिक लोकतंत्र के खिलाफ है। भारत वह देश है जहां युगों युगों से महिलाओं को हमेशा सम्मान दिया जाता रहा है, महिलाओं को शक्ति स्वरूपा कहा गया है। यह वह देश है जहां नवरात्रि में कुंजिका पूजन का प्रावधान,रीति रिवाज व परंपरा रही है लेकिन आज महिलाओं को हिंसा के साधन के रूप में इस्तेमाल करके मानव जीवन का उल्लघंन करना यही दशार्ता है कि आज भले ही हम बात बात में महिलाओं को सम्मान देने का ढ़िढ़ोरा पीटते हों लेकिन आज महिलाओं की सुरक्षा कहीं न कहीं घेरे में ही नजर आती है। हमें आज यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि समाज को बदलने का सबसे तेज तरीका दुनिया की महिलाओं को एकजुट करना है। नेल्सन मंडेला ने एक बार यह बात कही थी कि 'जब तक महिलाओं को सभी प्रकार के उत्पीड़न से मुक्त नहीं किया जाता, तब तक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं की जा सकती।' बहरहाल, हमें यह बात हमेशा ध्यान में रखने की जरूरत है कि एक महिला ही हमें इस दुनिया में लाई है, अतः हमें उसका अपमान करने का कोई हक नहीं है। जहां नारी का आदर सम्मान होता है, वहां पर ईश्वर का वास होता है। जिस परिवार, समाज और देश में नारी का सम्मान होता है, वही सभ्य है।जिस समाज में नारी का सम्मान नहीं होता, उस समाज का पतन होना निश्चित है।

महिलाएं ही किसी समाज की असली आर्किटेक्ट होतीं हैं। ब्रिजम यंग ने महिलाओं को लेकर क्या शानदार बात कही है। उन्होंने कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं तब आप एक आदमी को ही शिक्षित करते हैं लेकिन जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तब आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं, लेकिन यह बहुत ही विडंबना की बात है कि आज हम महिलाओं के अधिकारों, उनके सम्मान की बात तो करते हैं लेकिन धरातलीय स्थिति कुछ और ही नजर आती है। आज महिलाओं के खिलाफ समाज में निरंतर अपराध बढ़ रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि एक महिला पुरुष से उतनी ही श्रेष्ठ है जितना अँधेरे से प्रकाश। बहरहाल,देश में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराध आज घोर चिंता का विषय हैं। एनसीआरबी की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि बलात्कार के मामले 12 प्रतिशत तक बढ़ गये हैं। बीते 10 वर्षों में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 75 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। यह चिंताजनक है कि भारतीय समाज में महिलाएँ एक लंबे समय से अवमानना, यातना और शोषण का शिकार रही हैं।

मणिपुर में जो हुआ है,वह हम सभी को शर्मसार करता है। महिलाओं के प्रति अपराधों, हिंसा, अत्याचार अब हर हाल में रूकना चाहिए। बहरहाल,मणिपुर तो मणिपुर, हाल ही में हावड़ा के पांचला इलाके में पंचायत चुनाव के मतदान के दिन ग्राम पंचायत की महिला प्रत्याशी ने एक पार्टी विशेष के कार्यकताओं पर शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। प्रत्याशी का आरोप है कि पार्टी विशेष के कार्यकताओं ने उसे निर्वस्त्र कर पूरे गांव में घुमाया। महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसे लगभग 40-50 उपद्रवियों द्वारा मारा पीटा गया। हालांकि सच क्या है,यह तो घटना की जांच के बाद ही पता चल पाएगा लेकिन यदि वास्तव में ऐसा हुआ है तो यह बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय ही कहा जा सकता है।

अब बात करते हैं मणिपुर के बारे में, तो यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि मणिपुर में पिछले चार मई को कुकी समुदाय की दो महिलाओं का आपत्तिजनक वीडियो आज वायरल होने के साथ ही मणिपुर में फिर से तनाव बढ़ गया है। सड़क से लेकर संसद तक मणिपुर हिंसा की गूंज सुनाई दे रही है। मीडिया में हर जगह आजकल मणिपुर की ही खबरें दिखाई सुनाई पड़ रही हैं। हिंसा किसी भी समस्या का कभी भी कोई समाधान नहीं होती लेकिन विडंबना ही है कि पिछले 3 मई से ही मणिपुर जातीय हिंसा की चपेट में है, जिसमें अब तक 160 लोगों की जानें जा चुकी हैं। आखिर जिनकी जान गई है उनका दोष क्या था ? मणिपुर में कानून व्यवस्था आखिर कहां हैं ?

वास्तव में यहां यह जानने की जरूरत है कि आखिर मणिपुर में हिंसा भड़कने के पीछे कारण क्या हैं? तो इस संबंध में जानकारी देना चाहूंगा कि मणिपुर की राजधानी इंफाल में प्रदेश की लगभग 57 प्रतिशत आबादी निवास करती है जो कि पूरे प्रदेश का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा है। शेष 90 प्रतिशत हिस्से में प्रदेश की 43 प्रतिशत आबादी निवास करती है और ये पहाड़ी इलाका है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इन पहाड़ी इलाकों में 33 मान्यता प्राप्त जनजातियां निवास करती हैं। इनमें नगा और कुकी जनजातियां प्रमुख हैं और ये दोनों ही जनजातियां मुख्य रूप से ईसाई धर्म को मानने वाली हैं। वास्तव में,इम्फाल घाटी वाले इलाके में मैतेई समुदाय की आबादी ज्यादा है और ये ज्यादातर हिंदू हैं। मणिपुर की कुल आबादी में इनकी हिस्सेदारी करीब 53% है। आंकड़ें देखें तो सूबे के कुल 60 विधायकों में से 40 विधायक मैतेई समुदाय से हैं।इसके अलावा मणिपुर में आठ-आठ प्रतिशत आबादी मुस्लिम और सनमही समुदाय की भी है। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के आर्टिकल 371उ के तहत मणिपुर की पहाड़ी जनजातियों को विशेष दर्जा और सुविधाएं मिली हुई हैं, जो मैतेई समुदाय को नहीं मिलती हैं। 'लैंड रिफॉर्म एक्ट' के कारण मैतेई समुदाय पहाड़ी इलाकों में जमीन खरीदकर नहीं बस सकता है, जबकि जनजातियों पर पहाड़ी इलाके से घाटी में आकर बसने पर कोई रोक नहीं है। इससे भी दोनों समुदायों में मतभेद बढ़े हैं।


देखा जाए तो मणिपुर में हिंसा के पीछे तीन प्रमुख वजहें हैं जिनमें क्रमशः मैतेई समुदाय के एसटी दर्जे का विरोध, सरकार की अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई और कुकी विद्रोह संगठनों द्वारा सरकार से हुए समझौते को तोड़ना है। मणिपुर भारत का एक छोटा सा राज्य है और इससे बड़ी विडंबना भला और क्या हो सकती है कि वहां भाई-भाई के बीच नफरत की आग लगी हुई है और वह एक दूसरे के खून के प्यासे हैं। नस्लीय हिंसा हो या किसी भी प्रकार की हिंसा हो, हिंसा को कभी भी ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। हिंसा के कारण हजारों लोग घर बेघर हुए हैं और बहुत से लोगों का आशियाना तक उजड़ गया है। किसी ने अपना पति खोया है तो किसी का बेटा लौटकर नहीं आया है । अनेकानेक घर खंडहर हो गए हैं। संगीनों के साए में, डर और खौफ में पल पल जिंदगी गुजर रही है मगर हालात हैं कि सुधर ही नहीं रहे हैं।

वास्तव में,कुकी समुदाय पहाड़ पर मैतेई का दखल नहीं चाहता है और यही विवाद की जड़ है क्योंकि पहाड़ी इलाको में रहने वालों को लगता है कि अगर मैतेई को एसटी का दर्जा मिलता है, तो वो ऊपरी इलाकों में आएंगे और उनके अधिकार ले लेंगे। बहरहाल, ऐसा भी नहीं है कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए कुछ कर नहीं रही है। मणिपुर के संबंध में भी बहुत से एक्शन लिए हैं। यहां तक कि सरकार ने हालात काबू करने के लिए सेना और असम राइफल्स को डिप्लॉय किया है। कुछ समय पहले चालीस आईपीएस अधिकारियों के नेतृत्व में 20 मेडिकल टीमें भेजी गईं थी, और भारतीय वायु सेना को भी सर्विस में लगाया गया था।जहां हिंसा हुई वहां कर्फ्यू भी लगाया गया।

# अब मनसा देवी पहाड़ पर मंडराया खतरा !

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**





उत्तराखंड के प्रायः हर क्षेत्र से आपदा की आहट सुनाई दे रही है। जोशीमठ में जमीन धसने के मामले सामने आ ही चुके हैं, इस बीच एक डराने वाला मामला हरिद्वार से आ रहा है। यहां मां मनसा देवी का पहाड़ लगातार दरक रहा है। मात्र दस दिनों में इस पहाड़ से छह बार मलबा नीचे आया है जिससे रेलवे को लाखों का नुकसान हुआ।वही निचले इलाकों में रह रहे लोग भी दहशत में हैं। पहाड़ के आस-पास 12 हजार से ज्यादा की आबादी रहती है। अगर पहाड़ का शीघ्र ही ट्रीटमेंट न किया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जिलाधिकारी धिराज सिंह गर्ब्याल ने पहाड़ के ट्रीटमेंट के लिए शासन को पत्र लिखा है। शीघ्र ही एक टीम पहाड़ के निरीक्षण के लिए पहुंच सकती है। लगातार दरक रहे मनसा देवी के पहाड़ ने अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है।

पिछले सालों की अपेक्षा इस बार पहाड़ के दरकने की रफ्तार तेजी से बढ़ी है जिस कारण ब्रह्मपुरी, काशीपुरा बस्ती में खतरा मंडरा रहा है।लगातार मलबा आने की वजह से यहां पर रेलवे ट्रैक 34 घंटे तक बाधित रहा जिससे वंदे भारत एक्सप्रेस,शताब्दी एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस समेत 118 ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई जिस कारण रेलवे को लाखों का नुकसान हुआ है, साथ ही तलहटी पर बनी कॉलोनियों में खतरा बढ़ गया है। इससे पहले सन 2017 में यहां की आबादी काशीपुरा के पास पहाड़ गिर गया था। अब पहाड़ से लगातार मलबा आ रहा है। प्रशासन की ओर से किए गए सर्वे में कहा गया था कि यहां ट्रीटमेंट की जरूरत है लेकिन तब से अब तक बचाव का कोई खास काम नहीं किया गया। पहाड़ के पास ब्रह्मपुरी, काशीपुरा ओर जोगियामंडी में 12 हजार से ज्यादा लोग बसे हैं। ये सभी दहशत में हैं। पहाड़ से आ रहा मलबा बाजारों में पहुंच रहा है जिससे व्यापारियों को भी लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है लेकिन उनकी मदद करने वाला भी कोई नही है। इस पहाड़ को लेकर रुड़की आईआईटी की टीम वर्ष 2013 में सर्वे कर चुकी है। उस समय भी बताया गया था कि पहाड़ लगातार दरक रहा है लेकिन तब से अब तक कोई खास काम नहीं किया गया है। अब आसपास रहने वाले लोगों को पहाड़ तेजी से दरकने का डर सता रहा है।

नालों के जरिये सबसे अधिक मलबा सब्जी मंडी और विष्णु घाट में पहुंचता है जिससे बाजारों में व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। इसी को लेकर व्यापारियों ने जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के सामने ये मामला उठाया था ताकि कोई स्थाई समाधान किया जा सके। बाजारों में आने वाले मलबे को रोका जा सके ताकि नुकसान न हो।

मां मनसा देवी को भगवान शिव की मानस पुत्री और नागराज वासुकी की बहन के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि जो भी मां मनसा के प्रसिद्ध शक्तिपीठ हरिद्वार में आकर पूजा अर्चना करता है,उसकी मनोकामना पूरी होती है।हरिद्वार से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर शिवालिक पहाड़ियों के बिलवा पहाड़ में मां मनसा देवी का प्रसिद्ध मंदिर है।श्रद्धालु यहां अपनी मुराद लेकर आते हैं। माना जाता है कि यहां आने वाले हर भक्त की मुरादें मां जरूर पूरी करती हैं। हरिद्वार में मां मनसा का यह मंदिर 52 शक्तिपीठों में एक है।मंदिर तक पैदल पहुंचने के लिए करीब डेढ़ किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। इसके अलावा केबल से संचालित उड़नखटोले, कार या बाइक आदि के जरिए भी मंदिर तक पहुंचा जा सकता है।हरिद्वार के अलावा राजस्थान के अलवर, सीकर, कोलकाता, बिहार के सीतामढ़ी आदि में भी मनसा देवी के मंदिर हैं। मनसा के नाम का ही अर्थ इच्छा पूरी करने वाला है। मां मनसा के मंदिर आकर लोग अपनी मुरादें पूरी करने के लिए यहां पेड़ की शाखा में एक पवित्र धागा बांधते हैं और इच्छा पूर्ण हो जाने के बाद दोबारा आकर धागे को खोलते हैं और मां मनसा का आशीर्वाद भी लेते हैं।

भगवान शिव की तीन पुत्रियों में एक का नाम मनसा भी है। इन्हें देवी पार्वती की सौतेली पुत्री माना गया है। कार्तिकेय की तरह ही देवी पार्वती ने मनसा को भी जन्म नहीं दिया।इसलिए मनसा को भगवान शिव की मानस पुत्री कहा जाता है। भगवान शिव से ही मनसा ने शिक्षा-दीक्षा ग्रहण की,ऐसी मान्यता है।लेकिन मां मनसा देवी मंदिर का पहाड़ ही खतरे में आ जाने से भविष्य में मंदिर पर भी संकट उत्पन्न हो सकता है।इसी लिए जिलाधिकारी उक्त पहाड़ को बचाने के लिए गम्भीर है और शासन को उन्होंने इस पहाड़ की मरम्मत कराने की गुजारिश की है।
(चित्र संलग्न)

# शायद पाकिस्तानी यू ट्यूबर ही बदलाव लायें वहां

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

शायद पाकिस्तान में सरकार वहां की मिलिट्री ही होती आई है । इसलिये आतंकवादियों को पालना पाकिस्तान की राष्ट्रीय नीति बन चुकी है । मिलिट्री पर आश्रित कथित इलेक्टेड सरकारें वहां जनहितकारी कार्य नहीं कर सकीं । सरकार और मिलिट्री का भला इसमें ही था कि जनता कट्टरपंथी धार्मिक सोच में उलझी रहे और प्रोग्रेसिव न हो पाये . जनता को कट्टरपंथ में उलझाकर ये हुक्मरान विदेशों में स्वयं का घर अकूत संपदा से भरते रहे हैं । पाकिस्तान में हर शहर में डिफेंस एरिया सबसे पाश इलाका होता है । वहां के सैन्य अधिकारीयों के पास बड़ी बड़ी जमीने , फैक्ट्रियां और सरकारी सुविधाओ की भरमार है । जनता बेहाल होती चली गई । भारत विरोध , काश्मीर का राग और आतंक ने पाकिस्तान का विस्व स्तर पर कबाड़ा कर रखा है । महिलाओ की हसरतों को बुरके में समेट दिया गया है । पीढ़ीयों से झूठ की बुनियाद पर पाकिस्तानी शिक्षा व्यवस्था हिन्दुओ और भारत के प्रति नफरत भरती रही है । वहां की किताबों में पढ़ाया जाता है कि पाकिस्तान ने भारत से हर युद्ध जीता है । पाकिस्तान को स्वयं के एटमी ताकत होने पर बेवजह का गर्व है । विदेशो में मेरा सामना कई बार पढ़े लिखे पाकिस्तानियो से हुआ . न्यूयार्क युनिवर्सिटी में मेरे बेटे के साथ पढ़ रही पाकिस्तानी लड़की से वहां के आम आदमी के विषय कई चौंकाने वाले तथ्य सुनने समझने को मिले । मैंने कई पाकिस्तानियों की दूकानों से न्यूयार्क में सामान खरीदा , दुबई में उनकी टैक्सियों में सफर किये , उनसे अंतरंग बातें की उन्होने यहां तक कहा कि कई बार अमेरिकन समाज में वे स्वयं को हिन्दुस्तानी कहकर परिचय देते हैं क्योंकि रंग रूप से वे भारतीयों के सद्दश ही होते हैं और खुद को भारतीय के रूप में प्रस्तुत करने से उन्हें सामाजिक सम्मान मिलता है । पाकिस्तान के वर्तमान सामाजिक हालात बिना किसी बड़ी सामाजिक क्रांति के बदलना दुष्कर कार्य है । सरकारों के भरोसे तो यह असंभव लगता है ।

अब जनता ही वहाँ व्यवस्था में कोई बदलाव ला सकती है । जमाने की सच्चाई से पाकिस्तानी अवाम को रूबरू कराने का बड़ा कदम इन दिनों कुछ सोशल मीडीया एक्टिविस्ट ने उठाया हुआ है . भले ही इसकी शुरूवात उन्होंने बेरोजगारी से तंग आकर यू ट्यूब से कमाई के लिये की रही हो पर लगातार वे अच्छा काम कर रहे दिखते हैं । पाकिस्तानी जनता को भ्रामक सरकारी सूचनाओ और धार्मिक उन्माद से अलग वे वैश्विक स्थितियों में पाकिस्तान की ग्राउंड रियलटी दिखा रहे हैं । गनीमत यह है कि अब तक उन पर कोई सरकारी बैन नहीं लगाया गया है , अन्यथा मिलट्री तंत्र के लिये उन पर सेंसरशिप का डंडा चलाना बेहद सरल काम है ।

ऐसे ही एक बेहतरीन यूट्यूबर हैं शोएब चौधरी जो रियल इंटरटेंमेंट टी वी चलाते हैं . उनके चेनल के २५ हजार करोड़ से ज्यादा व्यूज हैं । वे ज्वलंत मुद्दों पर पी ओ के , तथा पाकिस्तानी जनता से सवाल जबाब कर भारत के साथ पाकिस्तानी संबंधो पर लगातार वीडियो बनाते और सचाई सामने रखते हैं । उनके ६६५ हजार सब्सक्राइबर हैं । भारत और पाकिस्तानी जनता इन हिन्दी चैनल्स को बहुत देखते हैं । इसी तरह के भारतीय यूट्यूबर मेजर गौरव आदि से ये पाकिस्तानी चैनल्स इंटरेक्शन भी करते हैं । जिहादियों के विरुद्ध ये चैनल्स खुल कर बोलते दिखते हैं । पाकिस्तानी पत्रकार चीमा , आरजू काजिमी तथा अन्य कई महिला यू ट्यूबर जन जागरण की इस मुहिम में बड़ा कार्य कर रहे हैं । शायद पाकिस्तानी यू ट्यूबर ही वहां सोशल मीडिया के जरिये बड़े सामाजिक बदलाव लायें ।

# आयकर दिवस: राष्ट्र कल्याण का बहुआयामी कार्यक्रम

आज आयकर दिवस है। यह दिवस हर वर्ष 24 जुलाई को मनाया जाता है। आयकर सरकार के आय के प्रमुख स्रोतों में से एक है, जिसका उपयोग सार्वजनिक सेवाओं को वित्त पोषित करने, सरकारी दायित्वों के भुगतान और नागरिकों को माल और सेवाएं प्रदान करने के लिए किया जाता है। आयकर दिवस देश के लिए अपनी अपार सेवा के लिए आयकर विभाग की सराहना करने के लिए मनाया जाता है। यह एजेंसी सरकार के लिए राजस्व के स्रोत के रूप में कार्य करती है। ब्रिटिश शासन के खिलाफ प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश सरकार को हुए नुकसान की भरपाई के लिए 24 जुलाई, 1860 को भारत में पहली बार सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर लगाया गया था। इसी को ध्यान में रखते हुए 24 जुलाई को आयकर दिवस मनाया जाता है। यह कर धनवानों, रजवाड़ों और देश में रहने वाले ब्रिटेन के नागरिकों पर लगाया गया था। पहले साल आय कर से सरकारी खजाने को 30 लाख रुपए मिले थे। भारत में 24 जुलाई 1860 को सबसे पहले एक शुल्क के तौर पर आयकर की शुरूआत की गई थी। इसलिए विभाग ने इसी दिन यानि 24 जुलाई को आयकर दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। वर्ष 2010 में पहला आयकर दिवस मनाया गया। आयकर वह कर है जो सरकार लोगों की आय में से लेती है। कानून के अनुसार, व्यवसायों और व्यक्तियों के लिए तय है कि वे किसी भी करों को देने या कर वापसी के लिए पात्र हैं।

हर साल आयकर रिटर्न फाइल करना होता है। आयकर धन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है जिसे सरकार अपनी गतिविधियों निधि और जनता की सेवा करने के लिए उपयोग करता है। ब्रिटिश शासन की ओर से लगाया गया आयकर कानून शक्तिशाली लोगों को पसंद नहीं आ रहा था, इसलिये 1865 में इस कानून को रद्द कर दिया गया था। इसके 2 साल बाद 1867 में इसे कुछ बदलावों के साथ फिर से लागू किया गया। उस समय कर की दरें उस समय के हालातों को देखते हुए तय की जाती थी। ब्रिटेन और रूस के युद्ध के समय जब अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता उत्पन्न हुई तो तत्कालीन गवर्नर जनरल

लॉर्ड डुफ्रिन ने नया आयकर कानून 1886 पेश किया। यह आधुनिक भारत का पहला व्यापक आयकर कानून था। इससे 1886–87 में 1.36 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली हुई थी। इसके बाद 1914–15 में 3.32 लाख आयकर दाता हो गये थे और कर वसूली 3.05 करोड़ रुपये तक पहुँच गई थी। प्रथम विश्व युद्ध के बाद धन की कमी को देखते हुए 1916 में पहली बार कर की अलग–अलग दरें तय की गईं और वर्ष 1917 में युद्ध प्रयासों के दौरान ह्यसुपर टैक्सह्न लगाया गया। वर्ष 2021–22 में आयकर की वसूली 14 हजार 600 करोड़ रुपये तक पहुँच गई थी।

# कैप्टन लक्ष्मी सहगल से महिलायें लें सीखः का रुद्र

## लक्ष्मी सहगल को किया याद

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जात-पात की सीमाओं को बचपन में ही लांघ चुकी कैप्टन लक्ष्मी सहगल ने अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में कभी वसूलो से समझौता नहीं किया। अंग्रेजो की सेना में डाक्टर बनना पसंद न कर-के सुभाष चन्द्र बोस की आजाद हिन्द फौज में सेवा करना मंजूर किया। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस से 15 घंटे की इंटरव्यू में हुई मुलाकात में रानी झांसी रेजीमेंट की कमान डा लक्ष्मी के हाथों में दे दी गई। वहे डा लक्ष्मी से कैप्टन लक्ष्मी बन गईं।



रविवार को कैप्टन लक्ष्मी सहगल की स्मृति दिवस पर लोढ़वारा स्थित कांशीराम कॉलोनी में महिला समिति सभा की अध्यक्षता करते हुए का पूनम ने कहा कि 24 अक्टूबर 1914 को तमिल ब्राह्मण परिवार में पैदा हुई लक्ष्मी स्वामीनाथन, जिनके पिता डा यश स्वामीनाथन तथा सामाजिक कार्यकर्ता अम्मू स्वामीनाथन की संतान थीं। जात-पात की सीमाओं को बचपन में ही लांघकर अपने वसूलों से समझौता नहीं किया। अंग्रेजों की फौज में डाक्टर बनने की बजाय आजाद हिन्द फौज की रानी झांसी रेजीमेंट में कैप्टन बनीं। 92 वर्ष की उम्र में अंतिम पड़ाव में कानपुर में गरीबों एवं मजलूमों की सेवा करते 23 जुलाई 2012 को अंतिम सांस ली।

बतौर मुख्य अतिथि उप्र किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद ने महिलाओं से कहा कि देश के आजादी के बाद कैप्टन लक्ष्मी सहगल ने दोबारा डा लक्ष्मी सहगल बनकर मरीजों की सेवा जारी रखीं। 1971 युद्ध दौरान डा लक्ष्मी सहगल ने बार्डर के आस-पास के लोगों की मदद की। वापसी में कोलकाता आकर नेताओ से मिली। डा लक्ष्मी सहगल ने अंतिम सांस तक पार्टी की सदस्य रहीं। 1981 में महिलाओं की दिशा-दशा बदलने की गरज से अखिल भारतीय महिला समिति के लिए संघर्ष किया। का रुद्र ने कहा कि डा लक्ष्मी सहगल जो बदलाव देखना चाहती थी, वह खुद करके दिखाया। वह अपने घर के बाहर खुद झाड़ू लगाती थी। पड़ोसियों की गंदगी की सफाई वह खुद करती थी। 1998 में कैप्टन लक्ष्मी सहगल को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। 23 जुलाई 2012 को कैप्टन लक्ष्मी सहगल ने दुनिया को अलविदा कहा। देश की महिलाओं को संदेश दिया कि महिलाओं को वीरता का प्रतीक बनकर संघर्षों से लड़कर ऊचाइयों तक पहुंचाना है।

महिला समिति की सदस्य का कलावती, का नीलम, का मीरा देवी, मीना, सलमा बेगम, रतिया देबी, रामरती, सावित्री, जगरनिया, समीना बेगम, राधिका आदि ने विचार रखे। तमाम महिलाओं ने सभा में मौजूद रहकर स्मृति दिवस मनाया।

### समिति के अध्यक्ष ने श्रमदान का लिया संकल्प



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के स्वच्छ भारत मिशन के तहत 79वां अभियान में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में सफाई अभियान में ईओ नगर पालिका लालजी यादव ने कहा कि सभी को स्वच्छता के महत्व और जरूरत को समझना चाहिए। इसे दैनिक जीवन में लागू करना चाहिए। रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता पर शपथ दिलवाई थी कि शपथ लेता हूं कि स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा। हर वर्ष सौ घंटे श्रमदान करके संकल्प को चरितार्थ करूंगा। हफ्ते में दो घंटे स्वच्छता पर श्रमदान करूंगा। शहरवासियों से अपील किया कि गीला व सूखा कचरा अलग-अलग पन्नी में भरकर कचरा गाडी में डालें। सडक व चैराहे पर कचरा न फेंके। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि शरीर को साफ करना जितना जरूरी है, उतना अपने आसपास सफाई भी जरूरी है। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता अच्छी आदत है, सभी को स्वस्थ्य जीवन और मानक जीवन शैली अपनानी चाहिए।

# वनांगना ने कार्यशाला में दी कानूनी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** वनांगना संस्था समाज में हिंसा से प्रताडित और उपेक्षित महिलाओं के साथ काम करती हैं। घर या समाज से उत्पीडित महिलाओं को निःशुल्क कानूनी सहायता देती है।



रविवार को वनांगना कार्यालय में 35 संघर्षशील महिलाओं ने एक दिवसीय कार्यशाला में हिंसा के प्रकार से जुडी कानूनी जानकारी दी। मुकदमों में कानूनी पैरवी क्या चुनौती है, इस बारे में कैसे अधिकारों को प्राप्त करें। इस पर गहन चर्चा हुई। संस्था की डायरेक्टर पुष्पा, नेतृत्व समूह अवधेश गुप्ता ने बताया कि कोई भी कानून पुलिस के खिलाफ नहीं होता। कानून महिलाओं को हिंसा से सुरक्षित करता है। उनके अधिकारों को सुनिश्चित करता है। न्याय की लडाई में बाधा हो सकती है, समय लम्बा लग सकता है, लेकिन न्याय जरूर मिलता है।

नेतृत्व समूह मंजू सोनी ने संस्था में आई महिलाओं के मामले व वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। कुछ महिलाओं के साथ आये माता-पिता ने भी विचार रखे। संघर्षशील महिला बल्लू, नन्दनी, रानी, प्रेमा, रन्नो, मनीषा ने अनुभव साझा किये। कहा कि संस्था में उन्हें अपनेपन का एहसास होता है। कार्यशाला में रानी देवी, राधेश्याम ने महिलाओं का आभार जताया। कार्यशाला में शहर समेत लोढवारा, खोह, भौंरी, गडौली, बसिला, सोनेपुर, राजापुर, कबरा, बेलहा, रामपुर व मऊ की 35 महिलायें शामिल रहीं।

# बुन्देली सेना ने नदी के बीच का टीला हटाया

## दूसरे टीले पर रविवार से शुरू हुआ अभियान

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** तीन दिनों की मेहनत के बाद बुंदेली सेना ने नयागांव रपटा के पास नदी के बीच बने दो टीलों में से एक टीले को समाप्त कर दिया है। पिछले कई वर्षों से ये टीले नदी को निर्बाध बहने में अवरोध खडा कर रहे थे।



रविवार से दूसरे टीले में उगे चारे की सफाई शुरू हुई। अब इस टीले को पूरी तरह नदी से हटाने की योजना है। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नदी के बीच स्थित दो टीले नयागांव रपटा के पास थे। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से टीलों को हटवाने की मांग की थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर पालिका की जेसीबी नदी में फंस गई थी। खनिज विभाग की भेजी पोकलेन मशीन भी घाट में पहुंचकर आपरेटर के हांथ खड़े करने से, लौट गई। अधिकारियों ने बारिश बाद समस्या निदान की बात कही। बारिश ज्यादा न होने से बुंदेली सेना ने इन टीलों को श्रम शक्ति से हटाने का बीड़ा उठाया। तीन दिनों की मेहनत के बाद सेना ने दो टीलों में एक 60 वर्ग फीट के टीले को पूरी तरह समाप्त कर दिया।

रविवार से दूसरे और लगभग 250 वर्ग फीट ब्यास वाले टीले की सफाई का अभियान शुरू हो गया है। बुंदेली सेना ने इस टीले को भी अगले दस दिनों में समाप्त करने की योजना बनाई है। एक टीला हटने से ही नदी में वर्षों से हो रहा अवरोध समाप्त हो गया है। टीला हटने से नदी यहां कल-कल की आवाज शुरू हो गई है। टीला हटाने में जानकीशरण गुप्ता का अहम योगदान रहा। अतुल सिंह, वीपी पटेल, दादू केशरवानी समेत टीम ने इस कार्य में भूमिका निभाई।

# मणिपुर की घटना को सपा ने मध्य युगीनकाल बताया

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए अमानवीय बर्ताव के खिलाफ सपाइयों ने सपा कार्यालय से ट्रैफिक चैराहे तक कैंडल मार्च निकाला। मणिपुर की भाजपा सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ महिला सभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती रमा यादव व पार्टी जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव की अगुवाई में सैकड़ों महिला व सपाइयों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया।




रविवार को सपाइयों ने मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए अमानवीय बर्ताव को मध्य युगीनकाल से भी खतरनाक बताया। कहा कि इस सरकार में महिलाओं के साथ बेहद बुरा बर्ताव किया जा रहा है। सदर विधायक अनिल प्रधान, जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, मो गुलाब खान, मेघराज प्रजापति, लाल बहादुर निषाद, सीताराम कश्यप, सियाराम गुप्ता, जनार्दन पटेल, जिला सचिव राजकिशोर विश्वकर्मा, सुभाष पटेल, गोपीचंद्र यादव, चंदन कोटार्य, रमेश यादव, सुरेंद्र खंगार, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र कुशवाहा, एमएलसी प्रतिनिधि सरनाम यादव, जागेश्वर यादव, ओंकार यादव, राजा साहू, मंगल सिंह यादव, विनय यादव, उमाकांत यादव, अभिलाष यादव, हरी प्रसाद यादव, विजय अनुरागी, अजय यादव, संतोष जायसवाल, हिमांशु केशरवानी, अमर पटेल, गन्नू गुप्ता, प्रभास सविता, अमृत लाल गुप्ता, राजा यादव, रुद्र यादव, आलोक चैहान, राजेंद्र मौर्य, आशुतोष अग्रहरि समेत सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मणिपुर की हिंसा की तस्वीरों ने दहलाया दिल

## मानवता को किया शर्मसार, आप ने किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में आप कार्यकताओं ने मणिपुर मामले में प्रदर्शनकर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि मणिपुर दो माह से जल रहा है। लगातार हिंसा से डेढ सौ से अधिक लोगों की जान चली गई है। साठ हजार से अधिक लोग बेघर हो गये हैं। हिंसा ग्रस्त मणिपुर में महिलाओं की यौन हिंसा की तस्वीरें दिल दहला रही हैं। रविवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में आप कार्यकताओं ने शहर में प्रदर्शन कर कहा कि मणिपुर से मानवता को शर्मसार करने वाली खबरें आ रही हैं। दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ गैंगरेप हुआ है। इस भयावह हिंसा की जितनी निंदा की जाए, कम है। हैरान करने वाली बात है कि देश के मणिपुर में




दो माह से हिंसा जारी है। केंद्र सरकार मौन है। प्रधानमंत्री की चुप्पी और निष्क्रियता ने मणिपुर को अराजकता की ओर धकेल दिया है। इसमें नियंत्रण पाने में राज्य सरकार नाकाम है। मणिपुर के नागरिकों की जिंदगी खतरनाक दौर से गुजर रही है। आम आदमी पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई ने मणिपुर राज्य में ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदेश के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन कर मांग की है कि मणिपुर राज्य सरकार को तत्काल बर्खास्त करें। पीड़ित परिवार को न्याय दिया जाए। राज्य में शांति बहाली को ठोस कदम उठाए जाए। महिलाओं के साथ घिनौने कृत्य करने वाले दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नरेंद्र प्रताप सिंह, अंकित सिंह, नर्वदा प्रसाद यादव, योगेन्द्र रैकवार, लवलेश केसरवानी, चन्द्रशेखर यादव, दिलीप सिंह पटेल, बच्चाराम बौद्ध, राजबहादुर साहू, जितेन्द्र गोयल, श्यामबाबू त्रिपाठी, प्रेमचन्द्र पटेल, बालकृष्ण गुप्ता, डॉ रमाकांत गुप्ता, सन्तोष कुमार, हरी प्रसाद, विनय पाण्डेय, शिवशंकर, विकास कुमार, प्रमोद कुमार सोनी, सुरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# ट्रक-एम्बुलेंस में भिडन्त, एक युवक की मौत, चाय की गुमटी में पलटी दोनों गाडियां

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** शिवरामपुर पुलिस चैकी क्षेत्र में ट्रक और एंबुलेंस की भिडन्त में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा रविवार को सवेरे शिवरामपुर पुलिस चैकी क्षेत्र में हुआ। बताया गया कि भरतकूप से प्रयागराज की ओर एक ट्रक गिट्टी लेकर जा रहा था। जिला मुख्यालय से एंबुलेंस शिवरामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ रही थी। शिवरामपुर चैकी के पास ट्रक और एंबुलेंस में भिडन्त हो गई। भिडन्त के बाद सड़क किनारे चाय-पान की गुमटी में दोनों वाहन पलट गए। गुमटी में सो रहे पप्पू यादव की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। ट्रक ड्राइवर और एंबुलेंस ड्राइवर घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने दोनों की हालत सामान्य बताई है। इस बाबत कर्वी कोतवाल गुलाबचंद त्रिपाठी ने बताया कि ट्रक और एंबुलेंस के हादसे के बाद पप्पू यादव की मृत्यु हुई है। एंबुलेंस और ट्रक ड्राइवर को चोंट आई है।

## मणिपुर सरकार को करें बर्खास्त, कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड की अगुवाई में मणिपुर में महिलाओं के साथ अमानवीय बर्ताव के विरोध में जिला कचहरी से शहीद पार्क तक कैंडल मार्च कांग्रेसियों ने निकाला।

रविवार को कांग्रेसियों ने शहीद पार्क में कैंडल जलाकर विरोध जताया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि जिस ढंग से मणिपुर में दो माह से हिंसा जारी है। डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। कांग्रेस ने मांग किया कि मणिपुर सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये। आदिवासियों पर जिस ढंग से अत्याचार हो रहे हैं। कांग्रेसी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडे ने कहा कि मोदी का नारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कहां गया। भाजपा राज्य में बेटियों के साथ जिस ढंग से जुल्म हो रहे हैं, पूरा देश देख रहा है। बड़ी-बड़ी बातें करने वाले मोदी मणिपुर के मामले में कब बोलेंगे। थोड़ी सी नैतिकता हो तो मणिपुर सरकार को तत्काल बर्खास्त करें। मणिपुर के घटना के दोषियों पर कडी कार्रवाई की जाये। चेताया कि ऐसा न करने पर कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होगी।

इस मौके पर गज्जू प्रसाद फौजी, अवधेश करवरिया, विजयमणि त्रिपाठी, शिव गुलाम वर्मा, महेंद्र सिंह, निर्मला भारती, महेंद्र सिंह, चुनबाद प्रसाद प्रजापति, कालीचरण राजपूत, मानवेंद्र पटेल, ओम प्रकाश गुप्ता, रामनरेश, तीरथ सिंह, कंचन सिंह, रामकृपाल, चंदन, कमलेश वर्मा, हरिओम पांडे समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने 29 पाउच देशी शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा बलकिशुन की टीम ने सिपाहीलाल पुत्र अयोध्या निवासी अर्जुनपुर मजरा खंडेहा को 29 पाउच देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा बालकिशुन, सिपाही मोहम्मद अदनान, मनीष यादव शामिल रहे।

## पुलिस ने दबोचा दुष्कर्म आरोपी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में सीओ मऊ राजकमल की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की टीम ने दुष्कर्म व एससी/एसटी एक्ट के मामले में रजनीश तिवारी उर्फ कल्लू तिवारी पुत्र हरिशंकर तिवारी निवासी हन्ना विनैका को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो यूपी 70 ईएफ- 0244 बरामद किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी, सिपाही अभिषेक कुमार, चालक राजकुमार शामिल रहे।

## चौकी प्रभारी ने वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में चैकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह की टीम ने अपहरण व एससी/एसटी एक्ट के वांछित विनोद उर्फ गोलू कुशवाहा पुत्र जंगलिया कुशवाहा निवासी डिलौरा कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह, दीवान रज्जन शिवहरे, दीवान नफीज अहमद शामिल रहे।

## एसडीएम कालोनी में चला सफाई अभियान



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** संचारी रोगों के संक्रमण को रोकने को शासन के निर्देश पर नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अगुवाई में नगर के सभी वार्डों में नाला व नालियों की सफाई अभियान जारी है। हर वार्ड में सभासदों की देखरेख में सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने सफाई नायकों से सफाई करा रहे हैं।

रविवार को अधिशासी अधिकारी लालजी यादव की अगुवाई में शास्त्रीनगर व एसडीएम कॉलोनी मोहल्ले में साफ-सफाई हुई। सभासद शंकर यादव ने खुद खडे रहकर नालियों की सफाई कराई। तत्काल कूड़ा करकट को निस्तारित कराया। सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने मोहल्लेवासियों से कहा कि घरों का कूड़ा सड़क व नालियों में न फेंके। दरवाजे में नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी आने पर घरों का कूड़ा गाड़ी में डालें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। आसपास गंदगी न फैलने दें, क्योंकि बरसात में तमाम संक्रामक बीमारी फैलती हैं। शासन के निर्देश हैं कि साफ-सफाई रखी जाए। नगर पालिका के प्रयास है कि नियमित साफ-सफाई हो। साफ-सफाई में नगरवासियों का सहयोग जरूरी है। नगर को साफ-सुथरा रखने में सभी लोग जिम्मेदारी समझें। तभी सफाई रह सकती है। सफाई नायक सुनील कुमार, महफूज खान ने विशेष योगदान दिया।

## र्शिदाबाद में महिला को निर्वस्त्र कर पिटाई का आरोप

**मुर्शिदाबाद।** मालदह में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर पिटाई करने का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि रविवार को मुर्शिदाबाद जिले के बड़ना में एक महिला को निर्वस्त्र कर पिटाई करने के आरोप लगे हैं। घटना के बाद से ही इलाके में तनाव है। आरोप है कि महिला को बचाने के दौरान एक युवक पर भी घायल हो गया। आरोप है कि रविवार दोपहर कई युवकों ने एक महिला को सड़क पर पटककर उसकी पिटाई की। इस दौरान आरोपितों ने महिला को निर्वस्त्र कर दिया। यह देखकर एक युवक महिला को बचाने के लिए आगे आया। लेकिन आरोपितों ने उसकी भी जम के पिटाई कर डाली। बड़ना थाने में माले की लिखित शिकायत दर्ज हुई है। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि यह घटना पूरी तरह परिवारिक है और इसे कांग्रेस राजनीतिक रूप देना चाह रही है।

## अमेरिका में सिरफिरे व्यक्ति ने बार में लगा दी आग, 11 लोगों की मौत

**मेक्सिको।** अमेरिका के उत्तरी मैक्सिकन सीमावर्ती शहर सैन लुइस रियो कोलोराडो में एक सिरफिरे व्यक्ति ने बार में आग लगा दी। इस दौरान 11 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मेक्सिको में महिलाओं के प्रति अनुचित व्यवहार के कारण एक व्यक्ति को बार से बाहर निकाल दिया गया था। इसके बाद उसने बार में आग लगा दी। मृतकों में चार महिलाएं भी हैं।शहर के मेयर सैंटोस गोंजालेज ने कहा कि आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



## बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना इटली रवाना

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के निमंत्रण पर रविवार को ढाका से इटली के लिए रवाना हो गईं। वह 24, 25 और 26 जुलाई को रोम में होने वाले संयुक्त राष्ट्र खाद्य प्रणाली शिखर सम्मेलन में भाग लेंगी। शिखर सम्मेलन खाद्य और कृषि संगठन के मुख्यालय में होगा। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार हसीना इटली प्रवास के दौरान 25 जुलाई को अपने इतालवी समकक्ष जियोर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगी। 24 जुलाई को प्रधानमंत्री विशेष अतिथि के तौर पर शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करेंगी। वह बांग्लादेश-बंगबंधु शेख मुजीब कक्ष के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लेंगी।



## बलूचिस्तान के वाध में युद्धविराम, जनजीवन पटरी पर

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के वाध जिले में युद्धविराम के बाद जनजीवन धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा है। यह इलाका कबीलों के बीच छिड़े सशस्त्र युद्ध से रक्तरंजित रहा है। सरवन जनजाति के प्रमुख नवाब असलम रायसानी और झालावन कबीले के बुजुर्गों के नेतृत्व में मध्यस्थता के प्रयास सफल रहे। मेंगल जनजाति के दोनों युद्धरत गुट अनिश्चितकाल के लिए युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। इन गुटों ने लड़ाई में मोर्टार गोलों और रॉकेट तक प्रयोग किया। दोनों पक्ष 24 घंटे के संघर्ष विराम पर शुक्रवार रात सहमत हुए। नवाब रायसानी ने रात को युद्धविराम की घोषणा की। इसी के साथ सुबह मुख्य बाजार और दुकानें खुल गईं। वाध जिला प्रशासन का कहना है कि क्वेटा-कराची राजमार्ग पर यातायात बहाल हो गया है।



## बांग्लादेश में हादसाः तालाब में गिरी बस, 17 लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बड़ा हादसा हुआ। दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश में एक यात्री बस सड़क किनारे एक बड़े तालाब में गिर गई। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गयी और 24 से अधिक घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश के झलकाठी जिले में यह हादसा हुआ। 60 से अधिक यात्रियों से भरी एक बस भंडरिया से बरिशाल जा रही थी। अचानक झलकाठी में चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया। बस सड़क किनारे एक बड़े तालाब में गिर गयी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कि गोताखोरों ने 17 शवों को निकाला है और पुलिस क्रेन भारी बारिश के कारण पानी से भरे तालाब से बस को निकालने की कोशिश कर रही है। पुलिस उप निरीक्षक गौतम कुमार घोष ने बताया कि मृतकों में आठ महिलाएं और तीन बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि बस के अंदर और शव फंसे होने की आशंका है।

## बांग्लादेश में डेंगू से महामारी फैली, 43 लोगों की मौत, 500 मरीज अस्पताल में

**ढाका।** बांग्लादेश में डेंगू के बढ़ते प्रकोप के बीच स्वास्थ्य मंत्री जाहिद मलिक ने राजधानी के मुग्दा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने यहां दाखिल डेंगू के मरीजों और डॉक्टरों से बात कर मौजूदा स्थिति को जाना। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने पत्रकारों से कहा, हाल के कुछ दिनों में डेंगू के 43 मरीज दम तोड़ चुके हैं। इस अस्पताल में करीब 5000 मरीज भर्ती हुए हैं। 4500 को छुट्टी दी जा चुकी है। बाकी का इलाज चल रहा है। प्रतिदिन 100 से अधिक डेंगू मरीज भर्ती हो रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री मलिक ने कहा, इनमें से ज्यादातर मरीज कार्यस्थलों में संक्रमित हुए हैं। तमाम मरीजों की शिकायत है कि नगर निगम मच्छर मारने के लिए दवा का पर्याप्त छिड़काव नहीं कर रहा। इस कारण भी डेंगू रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इस बीमारी से प्रभावित होने वालों में लगभग 63 फीसद पुरुष और 37 फीसदी महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि मुग्दा अस्पताल डेंगू से लड़ने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहा है। मगर संसाधनों के अपेक्षाकृत मरीजों की संख्या अधिक है। यहां फिलहाल 52 आईसीयू हैं। हर दिन 1,000 से अधिक डेंगू परीक्षण किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि फिलहाल देश के सभी अस्पतालों में 6,000 से ज्यादा डेंगू के मरीज हैं। इनमें से अकेले ढाका में करीब 3000 मरीज हैं। इस बीच बांग्लादेश के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा है कि देश में डेंगू की स्थिति भयावह स्तर पर पहुंच गई है। इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस साल जनवरी से अब तक डेंगू से 150 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 30,000 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।



## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में स्थायी भुगतान तंत्र पर होगी चर्चा, अमेरिकी डॉलर से आगे बढ़ने की कोशिश

**मॉस्को:** ब्रिक्स देश अगले महीने होने वाले अपने शिखर सम्मेलन में जिन महत्वपूर्ण विषयों पर विचार करेंगे, उनमें से एक सीमा पार वाणिज्य के लिए दीर्घकालिक भुगतान प्रणाली की स्थापना है। रूस के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 22-24 अगस्त को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होना है।

बता दें, ब्रिक्स देश आपसी व्यापार में अमेरिकी डॉलर से आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। सम्मेलन का जिक्र करते हुए रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए, इस मुद्दे को ब्रिक्स के नेताओं की आगामी बैठक के दौरान संबोधित किया जाएगा। चीन, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका समेत कई विकासशील देशों ने व्यापार में वैकल्पिक मुद्राओं की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है।

रूसी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, सीमा पार वाणिज्य में राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग उनके प्रतिबंधित लेन-देन और अमेरिकी डॉलर की तुलना में अस्थिरता के कारण बाधित होता है। रूसी सरकार ने यह भी माना है कि शायद नई ब्रिक्स साझा मुद्रा लॉन्च करना नाजुक प्रक्रिया होगी।दक्षिण अफ्रीका इस वर्ष ब्रिक्स का अध्यक्ष है। इस साल थीम है- ब्रिक्स और अफ्रीका- पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, सतत विकास और समावेशी बहुपक्षवाद के लिए साझेदारी।

## द्वितीय विश्व युद्ध में भारतीय सेना के योगदान को इटली ने दिया सम्मान, बनाया खास स्मारक

**इटली।** इटली ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बलिदान होने वाले भारतीय सैनिकों को सम्मान दिया है। इटली के मोनटोने इलाके में भारतीय सैनिकों के सम्मान में एक स्मारक का अनावरण किया गया। इस स्मारक का अनावरण कम्यून ऑफ मोनोटोन और इटली के सैन्य इतिहासकारों ने किया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों का अहम योगदान रहा था। **भारतीय राजदूत, भारतीय सेना के प्रतिनिधि भी रहे मौजूद** खबर के अनुसार, इटली के पेरुगिया में मोनटोने में वी.सी यशवंत घाडगे सनडायल मेमोरियल का अनावरण किया गया। यह स्मारक द्वितीय विश्व युद्ध में इटली की तरफ से लड़ने वाले भारतीय सैनिकों की याद में बनाया गया है। साथ ही बलिदानी नायक यशवंत घाडगे को विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित किया गया। यशवंतराव घाडगे ऊपरी टिबेर घाटी में युद्ध के दौरान बलिदान हुए थे। भारतीय सैनिकों के सम्मान में बनाए गए स्मारक के अनावरण के मौके पर इटली में भारत की राजदूत डॉ. नीना मल्होत्रा, भारतीय सेना के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में भारतीय मूल के नागरिक और इटली की सेना के अधिकारी मौजूद रहे। **50 हजार से ज्यादा सैनिकों ने लिया था हिस्सा** इटली के लिए लड़ते हुए भारतीय सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय सेना की चौथी, आठवीं और दसवीं डिविजन के 50 हजार से ज्यादा सैनिकों ने युद्ध में हिस्सा लिया था।भारतीय सैनिक द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कितनी वीरता से लड़े, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत के 20 सैनिकों को विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित किया गया।



## न्यायिक सुधार बिल के खिलाफ प्रदर्शनों के बीच PM नेतन्याहू अस्पताल में भर्ती, की जाएगी सर्जरी

**यरूशलेः** मइस्राइल में न्यायिक सुधार विधेयक के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने बड़ी संख्या में रैली निकाली। न्यायिक सुधार बिल पर पहले से ही बवाल मचा हुआ है। बिल के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत में अंतिम मतदान किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने नेसेट के पास एक टेंट सिटी स्थापित की है। इस बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को रविवार तड़के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया है कि उन्हें असंतुलित धड़कनों की वजह से अब पेसमेकर लगाया जाएगा। पीएम के कार्यालय ने रविवार तड़के यह जनकारी दी। बताया गया है कि इस्राइली प्रधानमंत्री को सिडेशन (बेहोशी की हालत) में रखा जाएगा। गौरतलब है कि नेतन्याहू को पिछले हफ्ते भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब भी उनके सीने में दर्द की समस्या थी, जिसके बाद उन्हें इमरजेंसी वॉर्ड में भर्ती किया गया। अधिकारियों ने कहा था कि वे बेहोश हो गए थे, लेकिन अस्पताल में वह पूरी तरह से होश में थे। वे चलकर अस्पताल के इमरजेंसी रूम पहुंचे थे।**न्यायिक सुधार विधेयक को लेकर घिरे हैं नेतन्याहू** प्रदर्शनकारियों ने न्यायिक बदलाव के खिलाफ रैली निकालते हुए तेलअवीव और यरूशलेम में विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने चार प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। इस्राइली मीडिया के अनुसार, नेतन्याहू सरकार देश के न्यायिक व्यवस्था में सुधार के लिए एक प्रस्ताव लाई है, जिसके बाद प्रदर्शन किया गया। बिल लागू होने के बाद सरकार को न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार मिल सकेगा। विधेयक को कानून बनने में अतिरिक्त दो वोटों के पारित होने की आवश्यकता है। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बिल के कारण देश दो घड़ो में बंट गया है। बिल ने इजराइल के इतिहास में सबसे बड़े विरोध आंदोलनों में से एक को जन्म दिया है।



## नोवा स्कॉशिया में पांच दशकों बाद आई बाढ़, पूरे प्रांत में तबाही का मंजर; चार लोग लापता

**ओटेवा।** अटलांटिक कनाडा के नोवा स्कॉशिया में पांच दशकों में सबसे ज्यादा बारिश हुई। इसके कारण यहां बाढ़ आ गई और भारी नुकसान हुआ। अधिकारियों का कहना है कि दो बच्चों सहित चार लोग लापता हैं। **50 से अधिक वर्षों बाद आया तूफान** कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प के मौसम विज्ञानी रयान स्नोडन के अनुसार, इस साल आई बारिश ने सन् 1971 में आए तूफान के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। दरअसल, नोवा स्कॉशिया में शुक्रवार को तूफान आया और तेज बारिश शुरू हो गई। **तीन महीने की बारिश एक दिन में बरसी** यहां 24 घंटे के अंदर कुछ क्षेत्रों में 25 सेमी (10 इंच) से अधिक बारिश हुई। आमतौर पर इतनी बारिश तीन महीनों में होती है। एक दिन में इतनी भयंकर बारिश के कारण बाढ़ आ गई। इसकी वजह से सड़कें बह गईं, पुल क्षतिग्रस्त हो गए और इमारतें डूब गईं। पूरे प्रांत में तबाही का मंजर है।सरकार से मांगेंगे मदद नोवा स्कॉशिया के प्रीमियर टिम ह्यूस्टन ने कहा कि हमारे सामने एक डरावनी स्थिति है। कम से कम सात पुलों को बदलना होगा या उनका पुनर्निर्माण करना होगा। उन्होंने कहा कि घरों का डूबना सबसे बड़ी क्षति है। यह अकल्पनीय है। स्थिति को सामान्य करने के लिए प्रांत संघीय सरकार से मदद मांगेंगे। वहीं, दूसरी तरफ प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भी बाढ़ को लेकर चिंता जताई। उन्होंने वादा किया कि हर संभव मदद करेंगे। **मौसम संबंधी आपदाओं से घिरा यह साल** कनाडा में यह साल मौसम संबंधी आपदाओं से घिरा देखा गया है। पहले ही यहां जंगल में लगी आग ने रिकॉर्ड संख्या में हेक्टेयर को जला दिया, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका में धुएं के बादल देखे जा सकते हैं। वहीं, इस महीने की शुरुआत में तेज बारिश के कारण कई पूर्वी अमेरिकी राज्यों में बाढ़ आ गई।



## बार में महिलाओं से कर रहा था बदतमीजी, बाहर निकालने पर भड़का और लगा दी आग; 11 की मौत

**मेक्सिको:** मेक्सिको के एक बार में महिलाओं के साथ एक शख्स बदतमीजी कर रहा था। कर्मचारियों द्वारा बाहर निकाले जाने पर व्यक्ति भड़क गया और बार में आग लगा दी। इससे 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घटना शुक्रवार देर रात अमेरिका की सीमा से लगे उत्तरी राज्य सोनोरा के सैन लुइस रियो कोलोराडो शहर में हुई। सोनोरा में स्थित राज्य अभियोजक के कार्यालय का कहना है कि आग में सात पुरुषों और चार महिलाओं की मौत हुई है। वहीं, चार अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मोलोटोव कॉकटेल से लगाई आग अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि शनिवार तड़के हमले के समय आरोपी बहुत नशे में था। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने के कारण उसे बार से बाहर निकाल दिया गया था। बाद में, वह गुस्से में वापस लौटा और बार के दरवाजे पर मोलोटोव कॉकटेल फेंक दिया।



## इमरान खान नहीं पहुंचे अदालत, जज ने व्यक्त की नाराजगी, सोमवार को तलब किया

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में बहुचर्चित तोशखाना मामले की सुनवाई हुई। इस केस में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान आरोपी हैं। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने सुनवाई की। उन्होंने इमरान खान के बार-बार गैरहाजिर रहने पर नाराजगी जताई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में बैरिस्टर गौहर अली ने इमरान खान और अधिवक्ता अमजद परवेज ने चुनाव आयोग नाराजगी व्यक्त की। मगर उन्होंने इमरान को उपस्थिति में आज (एक दिन) की छूट देने की याचिका स्वीकार कर ली। अदालत ने हुक्म दिया कि इमरान की उपस्थिति 24 जुलाई को सुनिश्चित कराई जाए।

बैरिस्टर अली ने कहा कि इमरान अपने खिलाफ क्वेटा में दायर एक मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश होंगे। इस पर न्यायाधीश ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शीर्ष अदालत में पेश होने के बाद इस अदालत में पेश हो सकते हैं।



**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## आयकर विभाग ने कहा- 31 जुलाई तक दाखिल करें रिटर्न और चिंता मुक्त रहें

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2022-23 और आकलन वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। अगर आपने अब तक अपना आईटीआर फाइल नहीं किया है, तो जल्द कर दें। इस बार आईटीआर दाखिल करने की तय तिथि में कोई बदलाव नहीं होगा। आयकर विभाग ने रविवार को एक ट्विट कर कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए आईटीआर दाखिल करने की नियत तारीख 31 जुलाई, 2023 है। विभाग ने कहा कि कृपया ँ ३३स्र:ल्लूड्डीं३७.ॅड्ड५.ल्ल पर जाएं, अंतिम हफ्ते में भागदौड़ से बचें और जल्द से जल्द अपना आईटीआर फाइल करें और चिंता मुक्त रहें।इनकम टैक्स एक्सपर्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अमित रंजन के मुताबिक आईटीआर फाइल करने से न केवल पेनाल्टी से बचाव होता है, बल्कि इसके और कई फायदे हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित तारीख के अंदर आईटीआर दाखिल नहीं करने पर आपको जुमार्ना चुकाना पड़ सकता है।

## रूसी व्यक्ति ने ड्रिल मशीन से अपने ही दिमाग में किया छेद, मरने की नौबत आने पर भी लगाई चिप

**रूस।** रूस में एक व्यक्ति ने बगैर किसी मदद के घर में ड्रिल मशीन से अपने ही दिमाग की सर्जरी कर डाली। इसके बाद उसमें एक चिप इंप्लांट की। सपनों को नियंत्रित करने की चाह में वह 10 घंटे तक मौत के मुंह में रहा। अपनी सर्जरी करने वाले माइकल रडुगा ने कहा कि उसे न्यूरोसर्जरी का कोई अनुभव नहीं था। इस दौरान उसका बहुत खून बह गया था। जान जाने तक की नौबत आ गई थी। घंटों बाद उसने अपने मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड (एक चिप) प्रत्यारोपित किया। उसे लगता है कि इससे वह एक दिन अपने सपनों को नियंत्रित करने में पूरी तरह से सक्षम हो जाएगा। माइकल ने बताया, मेरे पास न्यूरोसर्जरी से संबंधित कोई योग्यता नहीं है। इसके बाद मैंने हार्डवेयर स्टोर में मिली एक ड्रिल की मदद से सिर में छेद किया और त्वचा के कुछ हिस्सों को पेपर क्लिप की मदद से पकड़कर चिप को इंप्लांट कर दिया। माइकल ने कहा, शुरू में मुझे डर लग रहा था, लगभग बेहोशी की हालत हो गई थी। बहुत खून बह गया था। **सर्जरी करके खुश हूं माइकल** माइकल ने कहा कि इतनी खतरनाक प्रक्रिया करके और नए तरीकों का परीक्षण करके मैं बेहद खुश हूं। यह तरीका एक दिन बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। इससे लोगों को उनके सपनों में प्रवेश करने की अनुमति मिल सकती है। माइकल ने सर्जरी के 5 हफ्ते बाद चिप हटा दी, क्योंकि इसके कारण उसे लंबे समय तक चलने वाले नुकसान का खतरा हो सकता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के सलाहकार न्यूरोसर्जन एलेक्स ग्रीन ने कहा, इसे घर पर बिल्कुल नहीं आजमाना चाहिए क्योंकि यह खतरनाक है।



## रूस ने खारकीव पर किया हमला, दो की मौत; मॉस्को में गर्म पानी का पाइप फटने से चार लोगों की गई जान

**रूस :** ने यूक्रेन पर एक बार फिर हमला कर दिया। रूस द्वारा अलग-अलग इलाकों में हुए हमले के कारण पूर्वी यूक्रेन में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो लोग घायल हो गए। इसके अलावा, आसपास स्थित प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचा है। विदेशी मीडिया के मुताबिक, यूक्रेनी ड्रोन ने हमले में क्रीमिया के एक गोला-बारूद डिपो उड़ा दिया।

रूसी सैनिकों ने ड्वोरिचना शहर में भी गोलीबारी विदेशी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने खारकीव क्षेत्र के कुप्यांस्क शहर पर हमला किया था। गोलीबारी में 57 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इसके अलावा, रूसी सैनिकों ने ड्वोरिचना शहर में भी गोलीबारी की। यहां 45 वर्ष के एक नागरिक की मौत हो गई। जबकि, एक बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती है और जिंदगी-मौत के बीच जंग लड़ रहा है। इसके अलावा, खारकीव के वेलीकी बर्लुक में 30 वर्षीय एक व्यक्ति घायल हो गया। **गोलाबारी के कारण रूसी पत्रकार की मौत** खारकीव क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि कुपयांस्क के आसपास के इलाकों में यूक्रेन के लड़ाके मज़बूती से तैनात हैं। दुश्मन अबतक आगे नहीं बढ़ पाया है। रूसी रक्षा मंत्रालय का कहाना है कि यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी जापोरीजिया क्षेत्र में गोलाबारी के कारण एक रूसी पत्रकार की मौत हो गई। जबकि, तीन रूसी पत्रकार घायल हैं। रूसी मंत्रालयों के अनुसार, यूक्रेनी तोपखाने के हमले में पत्रकार घायल हो गया था। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। रूसी सेना ने बताया कि यूक्रेनी सेना ने क्लस्टर हथियारों का उपयोग किया, जिससे एक पत्रकारों की मौत और तीन पत्रकार घायल हो गए।

